


भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"









संस्थापकः शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom LD ****

शनिवार 11 मई, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 29 बैशाख 2081

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 131
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200












**राष्ट्रीय सर्राफा**

| सोना | | चांदी | |
|---|---|---|---|
| दिल्ली 24K | 73240 | चांदी तैयार | 87700 |
| कोलकाता 24K | 73090 | चांदी तैयार | 87700 |
| मुम्बई 24K | 73090 | चांदी तैयार | 87700 |
| चेन्नई 24K | 73850 | चांदी तैयार | 91200 |

**शेयर सूचकांक**

| | | |
|---|---|---|
| BSE | 72664.47 | +260.30 |
| NSE | 22055.20 | +97.70 |

**विदेशी मुद्रा बनाम रुपया**

| करंसी | खरीद | बिक्री |
|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 81.87 | 85.35 |
| पौंड स्टर्लिंग | 102.22 | 107.11 |

**मौसम**
Min 28°c Max 39°c

**प्रदूषण मीटर**
PM 10 107 PM 2.5 197

**IPL 2024 आज के मैच**
कोलकाता नाइट राइडर्स VS मुंबई इंडियंस
कोलकाता: शाम 7.30 बजे से

# केजरीवाल को अंतरिम जमानत

## तिहाड़ जेल से बाहर आकर पहुंचे जनता के बीच, 2 जून को करना होगा सरेंडर

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार केजरीवाल को दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा और जेल वापस जाना होगा। सायं 7 बजे रिलीज ऑर्डर पहुंचते ही केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आकर सीधा जनता के बीच पहुंच गए। उनके स्वागत के लिए हजारों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि शनिवार को 11 बजे हनुमान मंदिर जाएंगे और दोपहर 1 बजे संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और देश की 140 करोड़ जनता का धन्यवाद भी किया।



तिहाड़ जेल से बाहर आकर सीएम केजरीवाल आप कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए। (छाया : नीरज)

> केजरीवाल को अंतरिम जमानत दिए जाने के बाद दिल्ली में आप के कार्यालय में जश्न मनाया गया। खुशी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने नाचना शुरू कर दिया और जेल के ताले टूट गए, केजरीवाल जी छूट गए जैसे नारे लगाए।

इससे पहले पीठ ने केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी के इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया कि उन्हें पांच जून तक अंतरिम जमानत दी जाए। एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण के तहत मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। न्यायालय ने कहा कि केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के कारणों का विवरण बाद में दिया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने चुनाव प्रचार के आधार पर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि ऐसा कोई पूर्व उदाहरण नहीं है।

न्यायालय ने कहा कि केजरीवाल को 21 दिन के लिए अंतरिम जमानत देने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। पीठ ने कहा कि ईडी की 'प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट' (ईसीआईआर) अगस्त 2022 में दर्ज की गई थी जबकि मुख्यमंत्री को इस साल 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया। पीठ ने ईडी से कहा, "वह डेढ़ साल तक बाहर रहे। उन्हें पहले या बाद में गिरफ्तार किया जा सकता था लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।"

मेहता और राजू ने न्यायालय से जमानत शर्तें लागू करने का अनुरोध किया जिनमें यह भी शामिल हो कि केजरीवाल आबकारी नीति मामले के संबंध में कुछ नहीं कहेंगे। पीठ ने कहा कि जमानत की शर्तें वैसी ही होंगी जैसी 'आप' नेता संजय सिंह के मामले में लागू की गई थीं। सिंह को इसी मामले के सिलसिले में पिछले महीने जमानत दी गई थी। (पृष्ठ 4 भी देखें)

### मुख्यमंत्री कार्यालय, दिल्ली सचिवालय में नहीं जा सकेंगे केजरीवाल

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि जमानत की शर्तों के मुताबिक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी अंतरिम जमानत की अवधि के दौरान अपने कार्यालय या दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकेंगे। न्यायालय ने कहा है कि वह 21 दिन की अंतरिम जमानत अवधि के दौरान तब तक किसी भी सरकारी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे, जब तक उपराज्यपाल की मंजूरी प्राप्त करने के लिए ऐसा करना आवश्यक न हो। पीठ ने केजरीवाल को जेल अधीक्षक की संतुष्टि के लिए 50,000 रुपये के जमानती बॉण्ड और इतनी ही राशि के मुचलका जमा कराने का भी निर्देश दिया। अदालत ने कहा, "वह मौजूदा मामले में अपनी भूमिका के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे और किसी भी गवाह के साथ बातचीत भी नहीं करेंगे और/या मामले से जुड़ी किसी भी आधिकारिक फाइल तक उनकी पहुंच नहीं होगी।"

### 'लोकतंत्र की जीत' : सुनीता



**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शुक्रवार को उनके पति को अंतरिम जमानत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले को 'लोकतंत्र की जीत' बताया और कहा कि यह राहत लाखों लोगों की प्रार्थना और आशीर्वाद का परिणाम है। सुनीता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हनुमान जी की जय। यह लोकतंत्र की जीत है। यह लाखों लोगों की प्रार्थना और आशीर्वाद का परिणाम है। सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद।

### 'सत्यमेव जयते'



**आप** ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया और कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत है। तानाशाही खत्म होगी। सत्यमेव जयते।

## ईडी ने दाखिल किया नया आरोपपत्र, के. कविता आरोपी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को नया आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को आरोपी के तौर पर नामजद किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।संघीय एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को 15 मार्च को हैदराबाद में उनके बंजारा हिल्स स्थित आवास से गिरफ्तार किया था।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि एक निर्दिष्ट अदालत के समक्ष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 45 और 44 (1) के तहत आरोपपत्र दायर किया गया।अगले हफ्ते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ इसी तरह का आरोपपत्र दाखिल किए जाने की संभावना है।

इस मामले में ईडी का यह सातवां आरोपपत्र है। ईडी अब तक इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत 18 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी।

ईडी ने आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी (आप) ने 'साउथ ग्रुप' से मिली 100 करोड़ रुपये की रिश्वत में से 45 करोड़ रुपये का इस्तेमाल 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए किया था।

### आगरा कोर्ट में याचिका

## फतेहपुर सीकरी दरगाह है या कामाख्या देवी मंदिर

**आगरा,** (पंजाब केसरी): सिविल न्यायालय सीनियर डिवीजन में फतेहपुर सीकरी में स्थित सलीम चिश्ती की दरगाह को कामाख्या माता का मंदिर और जामा मस्जिद को कामाख्या माता मंदिर परिसर बताते हुए नया दावा दायर किया गया है। यह नया दावा अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने दायर किया है।

(पढ़ें पृष्ठ 2 पर)

## अयोग्यता केस में पूर्व 6 कांग्रेसी विधायकों ने याचिका वापस ली

(पढ़ें पृष्ठ 2 पर)

# दिल्ली में जबरदस्त आंधी-तूफान

## पेड़ जड़ों से उखड़ेः कई कारें क्षतिग्रस्त, खंभे भी गिरे

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**



आधी रात को आए तेज आंधी और तूफान ने दिल्ली-एनसीआर को हिलाकर रख दिया। तेज गर्मी से परेशान लोगों को राहत तो मिली लेकिन आफत भी बढ़ गई। पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है, जिसके कारण मौसम में अचानक बदलाव आ गया है। शुक्रवार रात में तेज आंधी आई जिसमें द्वारका मोड़ पर कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। इस दौरान लगभग 100 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली। तेज आंधी की चपेट में आने से अनेक स्थानों पर कुछ पेड़ और खंभे गिरने की खबर है। क्षति को लेकर आंकड़े एकत्र किए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में भी आंधी-तूफान की भविष्यवाणी की गई है। आंधी-तूफान से कई ट्रेनें रद्द हो गई और दिल्ली आ रहे दो विमान वापस जयपुर भेज दिए गए।

## नवनीत राणा के खिलाफ मामला दर्ज

**अमरावती,** (पंजाब केसरी): राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी के मामले में अमरावती से लोकसभा सांसद और भाजपा उम्मीदवार नवनीत राणा के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने जानकारी दी कि भाजपा नेता के खिलाफ चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन करने की शिकायत मिली है। शिकायत बुधवार को दर्ज की गई थी। पुलिस ने बताया कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात चुनाव आयोग के एफएसटी कृष्ण मोहन ने नवनीत राणा के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाया है। आईपीसी की धारा 188 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



# यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप तय करने के आदेश दिए। बृजभूषण शरण सिंह पर छह महिला पहलवानों के द्वारा उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था। ऐसे में कोर्ट ने अपने फैसले में यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने के पर्याप्त सबूत हैं। विनोद तोमर के खिलाफ 506(1) के खिलाफ आरोप तय करने के पर्याप्त सबूत हैं। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ मामले में 15 जून 2023 को धारा 354, 354-ए (यौन उत्पीड़न) 354-डी (पीछा करना), और धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप पत्र दाखिल किया था। कोर्ट ने कहा कि छह में से पांच मामलों में बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सामग्री मिली है। कोर्ट ने बृजभूषण के खिलाफ धारा 354 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल), 354-डी (पीछा करना) और धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया. जबकि उन्हें छठे मामले में बरी कर दिया गया है। ब्रजभूषण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीडन मामले में तय आरोपों पर 21 मई को बहस होगी।



- यौन उत्पीड़न केस है गैर जमानती, हो सकती है 5 वर्ष की सजा

# दाभोलकर हत्याकांड में 2 को उम्रकैद

**पंजाब केसरी/पुणे**



- मास्टरमाइंड माने जा रहे डॉक्टर तावड़े समेत 3 बरी

महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के प्रमुख नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड में 11 साल बाद शुक्रवार को कोर्ट का फैसला आया है। पुणे में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने आरोपी सचिन अंदुरे और शरद कालस्कर को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। हत्याकांड का मास्टरमाइंड माने जा रहे डॉक्टर विरेंद्र सिंह तावड़े के अलावा विक्रम भावे और संजीव पुनालेकर को कोर्ट ने बरी कर दिया है। हत्याकांड में कुल 5 आरोपी थे। इनमें तावड़े, अंदुरे और कालस्कर जेल में हैं, जबकि पुनालेकर और भावे जमानत पर बाहर हैं। 20 अगस्त, 2013 को पुणे के महर्षि विट्ठल रामजी ब्रिज पर दाभोलकर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वीरेंद्र तावड़े पर दाभोलकर की हत्या की साजिश रचने का आरोप था।

हालांकि, सरकारी पक्ष की ओर से उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत पेश नहीं किया जा सका। तावड़े के अलावा अन्य दो आरोपियों के खिलाफ भी आरोप साबित नहीं हो सके।

**एक्शन में सुरक्षाबल** नक्सलवाद के खिलाफ रवैया आक्रामक ही होना चाहिए

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, 12 नक्सली ढेर

**पंजाब केसरी**/बीजापुर



छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह जानकारी दी।

साय ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीड़िया गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया। साय ने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, 'गंगालूर इलाके में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी खत्म हो गई है। हमारे सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता मिली है। अब तक 12 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं।' उन्होंने कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों और वरिष्ठ अधिकारियों को बधाई दी। साय ने कहा, 'जबसे हम लोग (भाजपा) सरकार में आए हैं, नक्सलवाद के साथ मजबूती से लड़ रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह जी भी चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त हो। डबल इंजन की सरकार है तो इसका भी लाभ हम लोगों को मिल रहा है। राज्य के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल जब पीड़िया गांव के जंगल में था तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खोजी अभियान जारी है। राज्य के कांकेर जिले में 16 अप्रैल को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गये थे।

30 अप्रैल को नारायणपुर और कांकेर जिलों की सीमा पर एक जंगल में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं सहित 10 नक्सली मारे गए थे। पुलिस के अनुसार, इस घटना के साथ, राज्य के बस्तर क्षेत्र, जिसमें नारायणपुर और कांकेर सहित सात जिले शामिल हैं, में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ में इस साल अब तक 103 नक्सली मारे गए हैं।





# पीएम से डिबेट के लिए तैयार हैं राहुल गांधी

**लखनऊ,** (पंजाब केसरी): जस्टिस लोकुर, शाह और पत्रकार एन राम की तरफ से पीएम मोदी के साथ डिबेट के लिए दिए गए न्योते को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री को मैं जानता हूं। वह मुझसे डिबेट नहीं करेंगे। शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित संविधान सम्मेलन में राहुल ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 100 प्रतिशत किसी भी मुद्दे पर डिबेट के लिए तैयार हूं। अगर वह मुझसे डिबेट नहीं करना चाहते तो हमारे अध्यक्ष खड़गे जी भी हैं वह उनसे भी कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज लोकुर, एपी शाह और पत्रकार एन. राम की ओर से सार्वजनिक बहस के लिए पीएम मोदी और राहुल गांधी को चिट्ठी लिखी गई थी, इसी पर राहुल गांधी ने कहा कि वह बहस को तैयार हैं। पत्र में तीनों हस्तियों ने कहा था कि इस

- **कांग्रेस नेता ने कहा- लेकिन मैं प्रधानमंत्री को जानता हूं, वह मुझसे डिबेट नहीं करेंगे**

बहस से काफी फायदे होंगे और इसके माध्यम से लोग उनकी बात को सीधे सुन सकेंगे। आज के समय में जब भारत लोकतांत्रिक देशों में सबसे बड़ी अहमियत रखता है तो यह सार्वजनिक बहस बहुत जरूरी है। इससे लोकतंत्र की सच्ची छवि पेश की जा सकेगी। इससे पहले संविधान को हाथ में लेकर सम्मेलन में पहुंचे राहुल गांधी ने यहां भी मोदी सरकार को आरक्षण विरोधी बताते हुए कहा कि देश में पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्ससंख्यकों की संख्या 90 प्रतिशत है लेकिन इनके लिए हर तरफ रास्ते बंद किए जा रहे हैं।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस ने फिर 75 फ्लाइट्स कर दी कैंसिल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : एयर इंडिया एक्सप्रेस की चालक दलों (केबिन क्रू) के स्टाफ के साथ लगातार चल रहे रार का असर शुक्रवार को भी देखने को मिला। एयरलाइन को 10 मई की तारीख की 75 फ्लाइट्स को कैंसिल करनी पड़ी। एयरलाइन को तीन दिनों में लगातार फ्लाइट कैंसिल करने से तगड़ा झटका लगा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस को 30 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। एयरलाइन के मुताबिक, एयर इंडिया एक्सप्रेस



की फ्लाइट का परिचालन रविवार से सामान्य होने की उम्मीद है।एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में कई केबिन क्रू मेंबर्स के बीमार होने की सूचना के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस को लगातार फ्लाइट्स कैंसिल करना पड़ा है। हालांकि, बीते गुरुवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने विरोध को वापस लेने और काम पर लौटने का फैसला किया है। इसके साथ ही एयरलाइन ने केबिन क्रू के 25 मेंबर्स की बर्खास्तगी का लेटर भी वापस लेने पर सहमति जता दी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस - जो एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयर एशिया इंडिया) का अपने साथ विलय पूरा करने की प्रक्रिया में है, में 2,000 से अधिक केबिन क्रू सहित लगभग 6,000 कर्मचारी हैं।


## भारत ने मालदीव से वापस बुलाए अपने सभी सैनिक

**माले,** (एजेंसी) : मालदीव की सरकार ने कहा है कि भारत ने मालदीव से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला लिया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने देश से सभी भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने के लिए 10 मई की समयसीमा निर्धारित की थी। भारत और मालदीव के बीच संबंध तब गंभीर तनाव में आ गए जब चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू ने 10 मई तक देश में तीन सैन्य मंचों का संचालन करने वाले भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर जोर दिया। पिछले साल मोइज्जू के चुनाव प्रचार अभियान में मालदीव में तैनात लगभग 90 भारतीय सैन्यकर्मियों की स्वदेश वापसी प्रमुख बात थी।

# फतेहपुर सीकरी दरगाह है या कामाख्या देवी मंदिर!

## आगरा की अदालत में दाखिल हुई नई याचिका

**आगरा,** (पंजाब केसरी): सिविल न्यायालय सीनियर डिवीजन में फतेहपुर सीकरी में स्थित सलीम चिश्ती की दरगाह को कामाख्या माता का मंदिर और जामा मस्जिद को कामाख्या माता मंदिर परिसर बताते हुए नया दावा दायर किया गया है। यह नया दावा अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने दायर किया है। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि केस में माता कामाख्या, आस्थान माता कामाख्या, आर्य संस्कृति संरक्षण ट्रस्ट, योगेश्वर श्रीकृष्ण सांस्कृतिक अनुसंधान संस्थान ट्रस्ट, क्षत्रिय शक्तिपीठ विकास ट्रस्ट और अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह वादी हैं। प्रतिवादी संख्या एक उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, विपक्षी संख्या दो प्रबंधन कमेटी दरगाह सलीम चिश्ती, विपक्षी संख्या तीन प्रबंधन कमेटी जामा मस्जिद है। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान में विवादित संपत्ति भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन एक संरक्षित स्मारक है, जिस पर सभी विपक्षीगण अतिक्रमणी हैं।



फतेहपुर सीकरी का मूल नाम सीकरी है जिसे विजयपुर सीकरी भी कहते थे। ये सिकरवार क्षत्रियों का राज्य था और विवादित संपत्ति माता कामाख्या देवी का मूल गर्भ गृह व मंदिर परिसर था। यहां की प्रचलित ऐतिहासिक कहानी के अनुसार फतेहपुर सीकरी को अकबर ने बसाया जोकि झूठ है।

बाबर ने अपने बाबरनामा में सीकरी का उल्लेख किया था और वर्तमान में बुलंद दरवाजे के नीचे दक्षिण पश्चिम में एक अष्टभुजीय कुआं/बाओली है और दक्षिण पूर्वी हिस्से में घर है, जिसके निर्माण का वर्णन बाबर ने किया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अभिलेख भी यही मानते हैं। अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि डीबी शर्मा जोकि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीक्षण पुरातत्वविद रहे हैं उन्होंने अपने कार्यकाल में फतेहपुर सीकरी के बीर छबीली टीले की खुदाई की, जिसमें उन्हें सरस्वती और जैन मूर्तियां मिलीं, जिनका काल 1000 ईस्वी के लगभग था।

# कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों ने अयोग्य करार देने के खिलाफ वापस ली याचिका

**नयी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों ने उन्हें अयोग्य करार देने के हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में दाखिल अपनी याचिका शुक्रवार को वापस ले ली।पूर्व विधायकों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनव मुखर्जी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ को बताया कि वे याचिका वापस लेना चाहते हैं। पीठ ने उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए कहा, ''हम जानते थे कि चुनाव के कारण ऐसा होगा।''छह पूर्व विधायक अब भाजपा उम्मीदवार के रूप में विधानसभा उपचुनाव लड़ रहे हैं। ये उपचुनाव उन्हें अयोग्य ठहराए जाने के कारण हो रहे हैं।उच्चतम न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश में हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस-वोटिंग' करने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों को अयोग्य करार देने के विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर रोक लगाने से 18 मार्च को इनकार कर दिया।छह असंतुष्ट विधायकों - सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजेंद्र राणा, इंदर दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र कुमार भुट्टो को सदन में उपस्थित रहने और कटौती प्रस्ताव तथा बजट के दौरान हिमाचल प्रदेश सरकार के पक्ष में वोट करने के लिए कांग्रेस के व्हिप की अवज्ञा करने पर 29 फरवरी को अयोग्य करार दिया गया था।

- **पीठ ने याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए कहा, हम जानते थे कि चुनाव के कारण ऐसा होगा**



## सोरेन की याचिका का निस्तारण

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस याचिका का निस्तारण कर दिया जिसमें उन्होंने उच्च न्यायालय को यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर वह फैसला सुनाए।न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि याचिका बेकार हो गई है क्योंकि उच्च न्यायालय तीन मई को अपना फैसला सुना चुका है और सोरेन पहले ही उसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे चुके हैं। सोरेन ने गिरफ्तारी के खिलाफ अपनी याचिका पर उच्च न्यायालय का निर्णय आने तक लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने का भी अनुरोध किया था।

# पाकिस्तान से आया था अहमदाबाद के स्कूलों को धमकी भरा मेल

**अहमदाबाद,** (पंजाब केसरी): अहमदाबाद में सात मई को मतदान की पूर्वसंध्या पर कम से कम 36 स्कूलों को भेजे गए बम विस्फोट की धमकी वाले ईमेल के तार पाकिस्तान से जुड़े थे। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और इसे मतदान से पहले लोगों के बीच डर पैदा करने की कोशिश करार दिया।

अहमदाबाद अपराध शाखा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''ईमेल 'मेल.रू' डोमेन से भेजे गए थे, जिन्हें एक व्यक्ति ने खुद तौहीद लियाकत बनकर सारे स्कूलों को भेजा था, जिसका उद्देश्य मतदाताओं और भारतीय नागरिकों के बीच डर पैदा करना था।''संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने कहा कि लियाकत ने हमद जावेद के रूप में एक और पहचान भी बना ली थी। इन नामों वाला व्यक्ति पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले से काम कर रहा था।उन्होंने कहा कि एक ही शख्स ने अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग पहचान बनायी, उनमें से एक हमद जावेद की भी है। उन्होंने कहा, इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल भारतीयों के बीच भारत विरोधी संदेश, अफवाहें और डर फैलाने के लिए किया जाता है। सिंघल ने कहा, ''संभव है कि डर और अफवाह फैलाने के लिए नाम बनाया गया। लेकिन एक बात निश्चित है कि मेल, 'मेल.रू' डोमेन का उपयोग करके भेजे गए थे और स्थान पाकिस्तान के फैसलाबाद छावनी क्षेत्र में पाया गया था।'' अधिकारी ने बताया कि आरोपी का नाम एक अन्य एजेंसी द्वारा मोहपाश (हनीट्रैप) के एक मामले में जांच के दौरान भी सामने आया था।



# अमृतपाल के नामांकन के लिए जेल में व्यवस्था : पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट को सूचित किया

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): पंजाब सरकार ने शुक्रवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय को जानकारी दी कि लोकसभा चुनाव में खडूर साहिब सीट से कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के लिए नामांकन पत्र दाखिल कराने की व्यवस्था की है। वह इस समय असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है।

राज्य सरकार ने यह जानकारी 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख सिंह द्वारा दायर याचिका पर दी है। वह राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज मामले में कारागार में बंद है। याचिका में सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सात दिनों की अस्थायी रिहाई की मांग की थी या वैकल्पिक रूप से प्रतिवादियों को उसके नामांकन पत्र दाखिल करने की व्यवस्था करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। अमृतपाल बतौर निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ रहा है। लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट पर एक जून को मतदान होगा।

# कांग्रेस शिष्टमंडल राज भवन पहुंचा, नहीं मिले राज्यपाल

## बहुमत संकट के बीच सीएम ने बुलाई कैबिनेट बैठक

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद इस सरकार के पक्ष में संख्या बल नजर न आने और मुख्यमंत्री एवम पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सरकार पर कोई संकट न होने के दावों से मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को विधायको की खरीद फरोख्त होने की आशंका है।कांग्रेस ने हालत के मद्देनजर शुक्रवार को राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर खरीद फरोख्त टालने के लिए राष्ट्रपति शासन में चुनाव कराने की मांग की। बहुमत संकट के बीच सीएम नायब सैनी ने कैबिनेट की बैठक 15 मई को बुलाई है जिसमें एक बड़ा फैसला लिया जा सकता है। हरियाणा कांग्रेस विधायक दल के उपनेता आफताब अहमद और सचेतक भारत भूषण बत्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा के हस्ताक्षरों वाला यह ज्ञापन राजभवन पहुंचकर राज्यपाल बंडारू




दत्तात्रेय की गैर मोजूदगी में उनके सचिव को सौंपा। ज्ञापन में राज्यपाल को सदन में नायब सैनी सरकार के बहुमत खो देने के बारे में विस्तार से बताया गया है। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश की भाजपा सरकार से जेजेपी पहले ही समर्थन वापस ले चुकी थी।इसके बाद सरकार को समर्थन देने वाले निर्दलीय विधायकों में से तीन विधायक रणधीर गोलन, सोमवीर सांगवान और धर्मपाल गोंदार ने हाल में समर्थन वापस लिया है। जेजेपी ने भी राज्यपाल को पत्र लिखकर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। इंडियन नेशनल लोकदल के एक मात्र विधायक अभय सिंह चौटाला ने भी राष्ट्रपति शासन की मांग की है।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में हल्की सुस्ती के साथ 4.9 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मुख्य रूप से खनन क्षेत्र का प्रदर्शन खराब होने से देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में मासिक आधार पर मामूली रूप से घटकर 4.9 प्रतिशत रही। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2024 में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) 4.9 प्रतिशत बढ़ गया। देश में औद्योगिक उत्पादन की गतिविधियों को आईआईपी के जरिये आंका जाता है। औद्योगिक उत्पादन वृद्धि फरवरी 2024 में



5.6 प्रतिशत रही थी जबकि मार्च 2023 में यह 1.9 प्रतिशत थी। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 5.2 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मार्च में खनन उत्पादन वृद्धि घटकर 1.2 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 6.8 प्रतिशत बढ़ी थी। मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर एक साल पहले के 1.5 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। मार्च में बिजली उत्पादन में भी 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष के समान महीने में इसमें 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

# भारत के चुनावों में हमारा दखल नहीं : अमरीका

**वाशिंगटन,** (एजेंसी): अमेरिका ने रूस के इन आरोपों को बृहस्पतिवार को खारिज किया कि अमेरिका भारत में हो रहे चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'कतई नहीं। हम न ही भारत में जारी चुनावों में शामिल हैं और न ही दुनिया में कहीं भी होने वाले चुनाव में। भारत की जनता निर्णय करेगी।' दरअसल रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में कहा था कि अमेरिका भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। मिलर से इसी बारे में प्रश्न किया गया था। अमेरिका के समाचार पत्र 'वॉशिंगटन पोस्ट' में हाल में प्रकाशित एक लेख में आरोप लगाए गए थे कि 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' के एक अधिकारी अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की योजना बनाने में शामिल थे। इस लेख पर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में संवाददाताओं से कहा, 'अमेरिका नई दिल्ली के खिलाफ नियमित रूप से निराधार आरोप लगाता रहता है... हम देखते हैं कि वे न केवल भारत, बल्कि कई अन्य देशों पर भी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के आधारहीन आरोप लगाते हैं।

- **अमेरिका ने रूस के आरोपों को किया खारिज, कहा-फैसला भारत के लोगों को लेना है**








# दुष्यंत की मां के काफिले पर हमला

**जींद,** (पंजाब केसरी) : हरियाणा में जींद के उचाना हलके में प्रचार के लिए गई जननायक जनता पार्टी की हिसार लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी नैना चौटाला के काफिले पर अटैक किया गया है। इस दौरान गाड़ी पर बड़ी ईंट फेंकी गई, जिससे गाड़ी का आगे का शीशा टूट गया। यहां ग्रामीणों व जेजेपी वर्करों में हाथापाई भी हुई। पार्टी ने महिला वर्करों से दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। नैना चौटाला समर्थकों ने आरोप लगाया कि काफिले पर पथराव किया गया जिसमें कई महिला और पुरुष वर्कर घायल हुए हैं। मां नैना के काफिले पर अटैक की खबर मिलते ही पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भी मौके पर पहुंच गए हैं। मौके पर तनातनी का माहौल बताया जा रहा है। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई है। विवाद में कई लोगों को चोटें भी आई हैं, जिनमें जजपा के हलका प्रधान भी घायल हुए हैं।

**रास्ते में रोका गया नैना का काफिला:** जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जजपा प्रत्याशी एवं विधायक नैना चौटाला जींद के उचाना हलके में चुनाव प्रचार पर थी। उचाना से दुष्यंत चौटाला विधायक हैं। यहां चौटाला परिवार व पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र के परिवार के बीच राजनीतिक वर्चस्व की जंग चल रही है। नैना चौटाला शुक्रवार को घोघड़ियां गांव में गई थी। यहां पर पूर्व सरपंच रणधीर सिंह के घर पर उनका कार्यक्रम रखा गया था। घोघड़ियां में ही नैना चौटाला का विरोध किया गया। लेकिन यहां नैना ने लोगों को संबोधित किया और अगले गांव के लिए निकल गई। नैना का काफिला गांव रोजखेड़ा में पहुंचा तो वहां पर पहले से ही कुछ ग्रामीण हाथों में काले झंडे लेकर खड़े थे।



## दुष्यंत ने की एसपी और डीजीपी से बात एसएचओ को सस्पेंड करने की मांग

**हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने उचाना में अपनी मां नैना चौटाला के काफिले पर हुए हमले के मामले में उचाना थाना के एसएचओ को सस्पेंड करने की मांग की है। पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि उनकी डीजीपी से बात हुई है। इसमें उचाना थाना प्रभारी को सस्पेंड करने, हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। दुष्यंत चौटाला ने दावा किया कि हमलावर कांग्रेस से संबंधित लोग हैं।**



## सीएम केजरीवाल की रिहाई पर पटियाला में जश्न



नई दिल्ली में शुक्रवार को सीएम केजरीवाल की बेल और जेल से रिहाई के बाद पटियाला में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लोगों में मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। (छाया : प्रेट्र)

**पुराने बयान पर झमेला** कांग्रेस ने बयान से पल्ला झाड़ा, कहा कि वह किसी पद पर नहीं हैं

# सैम पित्रोदा के बाद मणिशंकर के बयान पर बवाल

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान को लेकर दिए बयान से पार्टी ने पल्ला झाड़ लिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा का कहना है कि हम उनके बयान से सहमत नहीं हैं। कुछ समय पहले ही अय्यर ने एक इंटरव्यू के दौरान भारत को पाकिस्तान की 'इज्जत' करने की सलाह दी थी। इसके अलावा वह पाकिस्तान के एटम बम को लेकर भी चेतावनी देते नजर आ रहे थे।खेड़ा ने एक्स पर लिखा, 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस श्री मणि शंकर अय्यर द्वारा कुछ महीने पहले की गई कुछ टिप्पणियों से अपने आप को अलग करती है और पूरी तरह से उनसे असहमत है। देश समझ रहा है कि भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के दैनिक गलतियों एवं निरंतर डगमगाते प्रचार से ध्यान हटाने के प्रयास में इन पुरानी व अप्रासंगिक टिप्पणियों को पुनर्जीवित किया जा रहा है। श्री अय्यर किसी भी प्रकार से अथवा किसी भी मंच से पार्टी का प्रतिनिधित्व नहीं करते।' खेड़ा ने विदेश मंत्री एस जयशंकर का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा, 'लगभग 50 वर्ष पहले 18 मई 1974 को इंदिराजी के नेतृत्व में, भारत की परमाणु क्षमता को दुनिया के समक्ष सार्वजनिक किया गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हमेशा यह माना है कि हमारे निर्णय सर्वोच्च राष्ट्रीय हित के आधार पर होने चाहिए। और यदि पुराने वीडियो का उपयोग किया जाए तो जहां विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से भारत को चीन से डरने की सलाह दी है।'

## पित्रोदा के चलते भी घिरी कांग्रेस

**इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष रहे सैम पित्रोदा ने भी नस्लीय टिप्पणी के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, कांग्रेस ने पित्रोदा के बयान से भी दूरी बना ली थी। स्टेट्समैन के साथ बातचीत में पित्रोदा ने कहा था, भारत में 'पूर्व के लोग चीनी की तरह लगते हैं, पश्चिम में अरब और उत्तर के लोग शायद श्वेत लगते हैं और दक्षिण के लोग अफ्रीका जैसे लगते हैं।'**


## पाक की इज्जत करो, उसके पास भी एटम बम है



चिल पिल नाम के एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में अय्यर ने कहा कि पाकिस्तान का भी सम्मान है और उससे बातचीत होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'वो भी एक सॉवरेन मुल्क है। उनकी भी इज्जत है। और उस इज्जत को कायम रखते हुए उनसे जितनी कड़ी बात करना चाहते हो करो, लेकिन बात तो करो। आप तो बंदूक लेकर घूम रहे हो।' कांग्रेस नेता ने कहा कि एटम बम की रेडियो एक्टिविटी 8 पलों में अमृतसर पहुंच जाएगी। उन्होंने आगे कहा, ' उससे क्या हल मिला, कुछ नहीं। तनाव बढ़ता जाता है। और कोई भी पागल वहां आ जाता है, तो क्या होगा देश का। उनके पास एटम बम है। हां हमारे पास है, लेकिन किसी पागल ने हमारे बम को लाहौर स्टेशन में फूंका, तो 8 सेकेंड के अंदर रेडियो एक्टिविटी अमृतसर पहुंचेगी।' अय्यर ने कहा, 'ऐसे बम वगैरह रखकर आप उसको इस्तेमाल करने का रोको, लेकिन अगर आपने उनसे बात की, उनको इज्जत दी, तो वो बम के बारे में नहीं सोचेंगे। लेकिन अगर आपने उन्हें ठुकरा दिया, तो कोई पागल वहां आ जाएगा और बम निकाल लेगा। फिर क्या होगा?' विवाद खड़ा होने के बाद मणिशंकर अय्यर ने कहा कि पाकिस्तान पर उनकी टिप्पणी से संबंधित जिस वीडियो को सोशल मीडिया में प्रसारित किया जा रहा है, वह पुराना है और उसे इसलिए खोजकर लाया गया है क्योंकि लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रचार अभियान 'लड़खड़ा'' रहा है।




कोई कितना भी महान और बड़ा क्यों न हो, अंधों के समान उसके पीछे नहीं चलना चाहिए।
-आचार्य चाणक्य





आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

# केजरीवाल जेल से बाहर

**सर्वोच्च** न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी है। श्री केजरीवाल पिछली 25 मार्च से जेल में बंद हैं। संभवत: वह स्वतंत्र भारत के पहले ऐसे व्यक्ति हैं जो मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए जेल में गए हैं। उनसे पहले बिहार के मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद यादव 90 के दशक में जेल में गए थे परंतु उन्होंने जेल जाने से पहले इस्तीफा दे दिया था। श्री केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा इसलिए नहीं दिया क्योंकि उनके खिलाफ कोई अभियोग पत्र किसी अदालत में दाखिल नहीं किया गया था और केवल प्रवर्तन निदेशालय द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया। श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी धन शोधन नियंत्रण अधिनियम के तहत की गई जिसे आतंकवाद विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए खास तौर पर बनाया गया था। आतंकवाद के वित्तीय पोषण को रोकने हेतु बनाए गए इस अधिनियम के तहत धन शोधन के मामले भी लिए जा सकते हैं। प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि केजरीवाल ने दिल्ली की शराब नीति में बदलाव लाकर धन शोधन या भ्रष्टाचार किया जबकि श्री केजरीवाल लगातार कह रहे हैं कि कथित शराब भ्रष्टाचार का मामला पूरी तरह मनगढ़ंत और राजनीतिक बदले की भावना से गड़ा गया है। उनका इस मामले में जरा भी कोई हाथ नहीं रहा है।

जहां तक शराब नीति के बदलाव का प्रश्न है जो सर्वोच्च न्यायालय ही आदेश दे चुका है की नीति बनाने का काम सरकार का है। नीति बनाने को लेकर किसी प्रकार का कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता। सवाल नीति बदलकर शराब वितरण में घोटाले का उठाया जा रहा है। यह आरोप भारतीय जनता पार्टी श्री केजरीवाल पर लगाती रही है। इस कथित शराब कांड में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी अभी जेल में बंद हैं। श्री केजरीवाल की आम आदमी पार्टी का सीधा आरोप रहा है कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक कारणों से ऐसे आरोप लगा रही है। आम आदमी पार्टी का यह भी कहना रहा है कि भाजपा उनकी पार्टी को ही समाप्त कर देना चाहती है क्योंकि पिछले लगभग तीन बार से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आ रही है। पिछले दिनों हुए नगर निगम के चुनाव में भी आम आदमी पार्टी ही जीती थी। श्री केजरीवाल दिल्ली के सर्वाधिक लोकप्रिय मुख्यमंत्री माने जाते हैं। दिल्ली की 70 सदस्य विधानसभा में उनकी पार्टी के 62 विधायक हैं इससे पहले उनके 67 विधायक भी रह चुके हैं। इसी प्रकार दिल्ली नगर निगम में भी आम आदमी पार्टी का पूर्ण बहुमत है।

दूसरी तरफ बीजेपी इन आरोपों को खारिज करती रही है और कहती रही है कि भ्रष्टाचार मिटाने के नाम पर बनी आम आदमी पार्टी सत्ता में आने के बाद अब स्वयं ही भ्रष्टाचार में संलिप्त हो गई है जबकि आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा केंद्र में अपनी सत्ता का दुरुपयोग कर रही है और दिल्ली के अर्थ राज्य होने की वजह से यहां तैनात उपराज्यपाल की मार्फत शासन कर रही है तथा उसके मंत्रियों को राजनीतिक बदले की भावना से परेशान कर रही है। दिल्ली शराब कांड दोनों पार्टियों की राजनीति का ही प्रतिफल दिखाई पड़ता है। हालांकि कथित शराब भ्रष्टाचार कांड में अभी तक एक भी पैसे की जब्ती करने में सभी जांच एजेंसियां असफल रही हैं परंतु फिर भी न्यायालय में मुकदमे चल रहे हैं। श्री केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी और अपनी मुख्य याचिका में कहा था कि उनकी गिरफ्तारी ही गलत वजह से हुई है जो गैर कानूनी है। अभी इस मामले पर सर्वोच्च न्यायालय में बहस चल रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने आज उन्हें जमानत देते हुए स्पष्ट किया कि देश में आम चुनाव चल रहे हैं और श्री केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री होने के साथ आम आदमी आम आदमी पार्टी के मुखिया भी हैं। 5 वर्ष में एक बार आने वाले इन चुनाव में उन्हें अपनी पार्टी की तरफ से प्रचार करने का अधिकार है। चुनाव को देखते हुए और इनमें प्रचार करने के केजरीवाल के अधिकार को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्तियों ने उन्हें 1 जून तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने के आदेश जारी कर दिए हैं। आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन की भी प्रमुख सदस्य हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। दिल्ली की कुल 7 सीटों में से चार सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी खड़े हुए हैं तथा तीन सीटों पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी खड़े हैं। देखना यह होगा कि अब दिल्ली का चुनावी वातावरण क्या करवट लेता है। श्री केजरीवाल जेल से बाहर आने के बाद धुआंधार प्रचार कर सकते हैं और इंडिया गठबंधन की ओर से देश भर का दौरा कर सकते हैं। आम आदमी पार्टी वैसे भी उनकी अनुपस्थिति में चुनाव प्रचार में लगातार यह कह रही थी की दिल्ली की जनता को जेल का जवाब वोट से देना चाहिए। हालांकि धन शोधन नियंत्रण अधिनियम की धाराएं बहुत कठिन हैं और उनके तहत जमानत मिलना बड़ा मुश्किल काम माना जाता है। श्री केजरीवाल का मुकदमा देश के माने हुए वकील श्री अभिषेक मनु सिंघवी ने लड़ा और पूरे देश ने देखा कि उन्हें अंतरिम जमानत पाने के लिए कितनी मेहनत मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि श्री सिंघवी ने गिरफ्तारी को ही गलत साबित करने का मुकदमा डाला था परंतु सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं यही यह राय दी थी कि उन्हें जमानत की अर्जी दाखिल करनी चाहिए तो उस पर न्यायालय विचार कर सकता है क्योंकि गलत गिरफ्तारी की याचिका पर सुनवाई लंबी चल सकती है। इससे भारत के लोकतंत्र की ताकत का ही आभास होता है। हमारे लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण और मजबूत स्तंभ न्यायपालिका है। न्यायपालिका ने जिन परिस्थितियों में श्री केजरीवाल को चुनाव में भाग लेने के लिए आजाद किया है वह भी स्वतंत्र भारत में अनूठा मामला माना जा रहा है क्योंकि भारत में ऐसा भी हुआ है कि जेल में बंद प्रत्याशी चुनाव जीते हैं जबकि उन्हें अपना प्रचार करने की इजाजत भी नहीं दी गई। इसकी व्यवस्था भी इस देश के कानून में है। अब देखने वाली बात यह होगी केजरीवाल अपने चुनाव प्रचार को किस अंदाज से चलाते हैं और अपनी पार्टी व गठबंधन के लिए लोगों की कितनी सहानुभूति अर्जित कर पाते हैं। उनकी रिहाई से यह तो स्पष्ट हो गया है कि भारत में कानून का राज चलता है।

# विपक्ष मुझे जिंदा गाड़ना चाहता है लेकिन जनता मेरा सुरक्षा कवच

## कांग्रेस राम मंदिर निर्माण और रामनवमी उत्सव विरोधी

**नंदुरबार,** (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष में कुछ लोग उन्हें जिंदा गाड़ना चाहते हैं लेकिन देश के लोग उनका सुरक्षा कवच हैं और जनता उन पर कोई आंच नहीं आने देगी। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधते हुए दिग्गज भाजपा नेता ने कहा कि 'नकली शिवसेना' उन्हें इस तरह से गाली देती है कि उससे इसका अपना 'पसंदीदा वोट बैंक' खुश होता है।

उत्तर महाराष्ट्र के नंदूरबार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार हिना गावित के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है - मोदी तेरी कब्र खुदेगी। दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना है जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। और मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं।''मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में 'दफनाने' की शिवसेना नेता संजय राउत की कथित टिप्पणी



- शहजादे के गुरु ने मेरे राम मंदिर जाने को भारत विरोधी बताया था

की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नकली शिवसेना वाले उन्हें जिंदा दफनाने की बात करते हैं। सैम पित्रोदा के नस्लीय टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा कितना खतरनाक है। यह शहजादे के गुरु ने इसका खुलासा किया है। शहजादे के गुरु ने अमेरिका से कहा है कि राम मंदिर का निर्माण और रामनवमी का उत्सव भारत के विचार के खिलाफ है।

### कांग्रेस का एजेंडा खतरनाक

**पीएम** मोदी ने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा कितना खतरनाक है। यह शहजादे के गुरु ने इसका खुलासा किया है। शहजादे के गुरु ने अमेरिका से कहा है कि राम मंदिर का निर्माण और रामनवमी का उत्सव भारत के विचार के खिलाफ है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि मेरा मंदिर जाना भारत विरोधी है। कांग्रेस राम के देश में राम मंदिर को देश विरोधी बता रही है।

रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बरसते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी आदिवासी समाज को सम्मान नहीं दिया और ना देने दिया। आदिवासी क्रांतिकारियों ने आजादी की लड़ाई में इतने बलिदान दिए। लेकिन यह बलिदान की बात मानने को तैयार नहीं है। आजादी की पूरी लड़ाई का श्रेय कांग्रेस केवल एक परिवार को ही देती है। ये भाजपा है जो आदिवासी स्वतंत्र सेनानियों पर म्यूजियम बनवा रहे है ताकि आने वाली पीढ़ियों को पता चल सके कि हमारे पूर्वज आदिवासियों ने देश के लिए कितना बड़ा बलिदान दिया था।

### मोदी ने पवार और उद्धव ठाकरे से क्या कहा?

पीएम मोदी ने कहा कि 'नकली राकांपा और शिवसेना' ने चार जून के लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस में विलय करने का मन बना लिया है लेकिन उन्हें इसके बजाय अजित पवार और एकनाथ शिंदे के साथ मिल जाना चाहिए।राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा, ''महाराष्ट्र के एक दिग्गज नेता, जो 40-50 साल से राजनीति कर रहे हैं। बारामती के चुनाव के बाद वह इतने चिंतित हैं कि उन्होंने एक बयान दिया है। मैं मानता हूं कि काफी लोगों से विचार-विमर्श करने के बाद ही उन्होंने यह बयान दिया होगा।' मोदी ने कहा कि वह इतने हताश और निराश हो गए हैं कि उनको लगता है कि अगर चार जून के बाद राजनीतिक जीवन में टिके रहना है तो छोटे-छोटे राजनीतिक दलों को कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए।

# उ.प्र. में 'इंडिया गठबंधन' का तूफान आ रहा है : राहुल



**कन्नौज,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कन्नौज में इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली में सपा मुखिया अखिलेश यादव के पक्ष में एक जनसभा में कहा कि यूपी में भाजपा की सबसे बड़ी हार होगी। यहां पर इंडिया गठबंधन का तूफान आ रहा है। इस दौरान आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह भी मौजूद रहे। राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी और शाह चुनाव के वक्त आप सबका ध्यान भटकाने का काम करेंगे। लेकिन आप को संविधान बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ वोट करना होगा।

यूपी में इंडी गठबंधन का तूफान आ रहा है। यूपी में बीजेपी की सबसे बड़ी हार होने जा रही है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी फिर से पीएम बने तो गांधीजी और अंबेडकर के बनाए संविधान को खत्म करने का काम करेंगे। लेकिन हम कहते हैं कि किसी को हम संविधान की किताब नष्ट करने के लिए हाथ नहीं लगाने देंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जेल भेजा, सत्येंद्र जैन को जेल भेजा, मनीष सिसोदिया को जेल भेज दिया। अरे पूरी जिंदगी जेल में रखो, डरने वाले नहीं हैं। आप नेता संजय सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव की कन्नौज से बहुत बड़ी जीत होने जा रही है।

# जब भारत में चुनाव हो रहे तो हम पाकिस्तान की बात क्यों कर रहे हैं



**अमेठी** (पंजाब केसरी) कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मणिशंकर अय्यर के बयानों को लेकर उठे विवाद पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पलटवार करते हुए शुक्रवार को कहा कि जब भारत में चुनाव हो रहे हैं और बेरोजगारी की दर 45 वर्ष में सबसे ज्यादा है तो पाकिस्तान की चर्चा क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को वास्तविक मुद्दों और काम के आधार पर चुनाव लड़ने चाहिए। प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर चुनाव जीतने के लिए हिंदू-मुस्लिम के मुद्दे को उठाने का आरोप लगाया और कहा कि लोग नहीं चाहते कि चुनाव धर्म और जाति के नाम पर लड़े जाएं। कांग्रेस महासचिव ने कहा, ''लोग कह रहे हैं कि आपने (भाजपा ने) दो चुनाव धर्म के आधार पर जीते हैं और अब उससे आगे बढ़िए।'' कांग्रेस नेता अय्यर के बयान को लेकर उठे विवाद के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका ने कहा कि इस मुद्दे पर इस समय बात क्यों हो रही है जबकि बयान पुराना है। उन्होंने अमेठी में पार्टी के उम्मीदवार किशोरीलाल शर्मा के लिए चुनाव प्रचार के दौरान बातचीत में कहा, ''मैं पूछती हूं कि बयान कब दिया गया था। अगर यह एक पुराना बयान है तो हम आज इस पर चर्चा क्यों कर रहे हैं?

# पीओके की एक-एक इंच जमीन भारत की, कोई नहीं छीन सकता



**खूंटी** (झारखंड), (पंजाब केसरी): केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से संबंधित मुद्दे पर सवालिया निशान उठाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि इसकी एक-एक इंच जमीन भारत की है तथा इसे कोई भी ताकत नहीं छीन सकती। शाह ने झारखंड के खूंटी में एक चुनावी रैली में कहा, ''मणिशंकर अय्यर हमसे कह रहे हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करें क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। कुछ दिन पहले 'इंडिया' गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि पीओके के बारे में बात मत करो क्योंकि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है। मैं कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन को बताना चाहता हूं कि पीओके भारत का है और इसे कोई भी ताकत नहीं छीन सकती।''

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, मुझे नहीं पता कि कांग्रेस को क्या हो गया है। संसद में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया था कि पीओके भारत का हिस्सा है। आप (कांग्रेस) अब परमाणु बम के बारे में बात करके पीओके पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। भाजपा का रुख स्पष्ट है कि पीओके की एक-एक इंच जमीन भारत की है और यह भारत का ही रहेगा।' लोगों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट देने का आग्रह करते हुए शाह ने कहा कि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाला गठबंधन आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है।

# चुनाव आयोग ने खड़गे की आलोचना की

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मतदान के आंकड़ों में विसंगतियों के संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ट्वीट को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने अवांछनीय करार देते हुए उनकी आलोचना की है। आयोग ने शुक्रवार को खड़गे को लिखे एक पत्र में कहा कि ट्वीट में किए दावे चुनाव के सुचारु संचालन और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के प्रति भ्रम पैदा करने के लिए किए गए प्रतीत होते हैं। इससे पहले, खड़गे ने ईसीआई द्वारा जारी मतदान प्रतिशत डेटा में विसंगतियों और पंजीकृत मतदाताओं की सूची प्रकाशित न करने के संबंध में 6 मई को एक्स पर एक पत्र पोस्ट किया था।

# कोई माई का लाल नहीं जो देश से आरक्षण हटा सके : राजनाथ सिंह



**दुमका,** (पंजाब केसरी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को झारखंड के दुमका में चुनौतीपूर्ण अंदाज में कहा कि कोई माई का लाल नहीं है, जो देश से आरक्षण हटा सके। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है तो वे आरक्षण को लेकर झूठा प्रचार कर रहे हैं। दुमका सीट से भाजपा की प्रत्याशी सीता सोरेन के नामांकन के बाद यज्ञ मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने ईडी-आयकर के छापों में करोड़ों रुपए की बरामदगी की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेसियों ने यह रकम गरीब जनता का खून पीकर इकट्ठा किया है। उन्होंने जनता से कहा कि आप इस चुनाव में इनकी लूट का बदला लीजिए। उन्हें अपने वोट के जरिए सजा दीजिए। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस की झारखंड सरकार पर आदिवासियों के स्वाभिमान और सम्मान को चोट पहुंचाने का आरोप लगाया।

कांग्रेस पर प्रहार करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी एवं मनमोहन सिंह तक तमाम प्रधानमंत्री गरीबी हटाने का राग अलापते रहे, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। दूसरी तरफ हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला।

# अमृतपाल ने जेल से नामांकन भरा



**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह ने खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के रूप में असम की डिब्रूगढ़ जेल से नामांकन पत्र भरा है और उस पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। पंजाब सरकार ने यह जानकारी पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय को शुक्रवार को दी। सरकार ने अदालत को बताया कि गुरुवार को नामांकन फॉर्म के दो सेट और अन्य कागज उस तक जेल में पहुंचाये गये जो उसने भरे और हस्ताक्षर किये। उसे उसके प्रस्तावक और वकील से भी मिलवाया गया।

अमृतपाल सिंह की तरफ से याचिका दाखिल कर नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के लिये सात दिन के लिये जमानत पर जेल से रिहा करने की मांग की थी।







# आसनसोल में टीएमसी के बिहारी बाबू व लोकल अहलूवालिया के बीच खामोश टक्कर

मनोज कुमार मनु

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट पर भी मतदान होगा। आसनसोल पश्चिम बंगाल की हॉट सीटों में एक है। जहां टीएमसी ने इस सीट के लिए सुपरस्टार शत्रुघ्न सिन्हा उर्फ 'बिहारी बाबू' को दोबारा अपना उम्मीदवार बनाया है। एक जमाने में शत्रुघ्न सिन्हा भाजपा के दिग्गज नेता थे और अटल जी की सरकार में स्वास्थ्य एवं जहाजरानी मंत्री का पदभार भी संभाल चुके हैं। वहीं, भाजपा ने सुरेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया को चुना है, जो आसनसोल में ही पैदा हुए और पले-बढ़े हैं। आसनसोल निर्वाचन क्षेत्र पश्चिम बंगाल की कुल 42 लोकसभा सीटों में से एक महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र है। अपने अभिनय करियर और राजनीतिक प्रयासों के लिए प्रसिद्ध सिन्हा, तृणमूल कांग्रेस के बैनर तले आसनसोल से सीट के लिए चुनाव लड़ेंगे। हालांकि भाजपा ने सबसे पहले भोजपुरी एक्टर पवन सिंह को पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था लेकिन 24 घंटे के अंदर ही पवन सिंह ने ऐलान किया कि वो यहां से नहीं लड़ेंगे। अब वे बिहार की काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। पवन सिंह के चुनाव से हटने के बाद आसनसोल सीट के लिए भाजपा को आधिकारिक तौर पर अहलूवालिया का नाम घोषित करने में थोड़ा समय लगा, जिन्हें कई लोग प्यार से 'सरदार जी' कहते हैं। बता दें कि आसनसोल सीट कभी माकपा का गढ़ हुआ करती थी। अब इस सीट पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। सीपीआई (एम) ने लोकसभा चुनाव में पहली बार उतरी जहांआरा खान को इस सीट से मैदान में उतारा है, जहां अच्छी खासी संख्या में आदिवासी रहते हैं। झारखंड की सीमा से सटे आसनसोल में हिंदी भाषी आबादी का एक बड़ा हिस्सा रहता है, जिसमें ज्यादातर बिहार और यूपी के प्रवासी श्रमिक हैं जो खदानों और कारखानों में काम करते हैं।आसनसोल, कोलकाता के बाद पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा शहर है। छोटा नागपुर के पठार के लगभग मध्य में प्रदेश के पश्चिमी सीमा पर स्थित यह नगर खनिज पदार्थों में धनी है। यहां सेनेरैल साइकिल का भारत प्रसिद्ध कारखाना है। यह शहर भारत के उन 11 शहरों में से एक है जो विश्व के 100 सबसे तेजी से विकसित हो रहे शहरों की सूची में हैं। प्रदेश की राजधानी कोलकाता से 200 किलोमीटर दूर दामोदर नदी की घाटी में स्थित आसनसोल के अर्थव्यवस्था का आधार कोयला और स्टील हैं।

**चुनावी टक्कर**


शत्रुघ्न सिन्हा


सुरेंद्रजीत अहलूवालिया

### भाजपा की सीट पर दोबारा चुनाव में टीएमसी का हुआ कब्जा

आसनसोल लोकसभा चुनाव 2019 परिणाम2019 के लोकसभा चुनाव में आसनसोल लोकसभा सीट पर के बाबुल सुप्रियो ने 633378 वोटों से जीत हासिल की थी। उपविजेता एआईटीसी पार्टी की मुनमुन सेन रहीं। जीत का अंतर 197637 वोटों का रहा। हालांकि, बाबुल भाजपा छोड़कर टीएमसी में शामिल हो गए। उपचुनाव में शत्रुघ्न सिन्हा ने सीट जीत ली। आसनसोल लोकसभा चुनाव 2014 नतीजे2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान आसनसोल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के बाबुल सुप्रियो बराल (बाबुल सुप्रियो) 419983 वोटों के साथ विजयी हुए थे। उपविजेता एआईटीसी पार्टी की डोला सेन रहीं। जीत का अंतर 1469684 वोटों का रहा।

### अहलूवालिया ने 2019 में बर्धमान दुर्गापुर सीट से जीत दर्ज की थी

2019 के आम चुनाव में सुरेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया ने बर्धमान दुर्गापुर सीट जीती थी। उन्होंने 2019 का चुनाव 18,540 वोटों के मामूली अंतर से जीता था। पूर्व राज्यसभा सांसद अहलूवालिया ने 2014 के चुनाव में दार्जिलिंग लोकसभा सीट जीती थी। सीट से अपने नाम की घोषणा के बाद उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल मेरी जन्मभूमि है और ये लड़ाई दो लोगों के बीच नहीं, दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है।

**चुनावी रोचक तथ्य**

## कौन होते हैं डी-वोटर, जो देश में रहते हुए भी नहीं कर पाते मतदान ?



रीतेश मिश्रा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 96 सीटों के लिए मतदाता वोटिंग करेंगे। देश में कई तरह के मतदाता हैं, जैसे कि आम मतदाता, सेवा मतदाता और एनआरआई वोटर्स। दिलचस्प बात है कि एक ऐसी भी कैटेगरी है जिनके नाम में तो वोटर है, लेकिन वो मतदान नहीं कर सकते। इन्हें डी-वोटर के नाम से जाना जाता है।डी-वोटर के लिए डाउटफुल शब्द भी इस्तेमाल होता है, इसलिए इन्हें डाउटफुल वोटर यानी संदिग्ध मतदाता भी कहते हैं। आइए जानते हैं ये किस तरह के वोटर हैं और इनके पास क्यों मतदान करने का अधिकार नहीं होता।

### क्या होते हैं डी-वोटर?

आसान भाषा में समझें तो ये ऐसे वोटर्स होते हैं जो अब तक अपनी नागरिकता को साबित नहीं कर पाए हैं। नागरिकता साबित करने के मामले में ये संदिग्ध हैं। नागरिकता स्पष्ट न होने के कारण इन्हें वोटिंग करने का अधिकार नहीं दिया गया है। जैसे- साल 2015 में महिंद्र दास नाम के शख्स को डी-वोटर घोषित किया गया था। बाद में साल 2019 में फॉरेनर ट्रिब्यूनल ने निर्णय सुनाते हुए महिंद्रा को फॉर्नर (विदेशी) घोषित कर दिया। असम सरकार के मुताबिक, उनके राज्य में ऐसे लोगों की संख्या तकरीबन एक लाख है। ये वो लोग हैं जिनकी नागरिकता पर भारत सरकार को संदेह है। असम में जिस तरह से नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस (एनआरसी) और सिटिजन अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) का मुद्दा है उसी तरह डी-वोटर भी एक मुद्दा है। साल 1997 में भारतीय चुनाव आयोग ने विदेशी नागरिकों की पहचान के लिए एक मुहिम चलाई थी। इसके तहत उन्होंने उन लोगों के नाम सूची में रजिस्टर किए जिनकी नागरिकता को लेकर विवाद या फिर संदेह था। तत्कालीन सरकार ने 24 मार्च 1971 की तारीख तय की।

### डी-वोटर को किसने घोषित किया?

भारत में किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित करने का अधिकार फॉरेनर ट्रिब्यूनल के पास है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने फॉरेनर ट्रिब्यूनल ऑर्डर साल 1964 में पारित किया था। इस ट्रिब्यूनल के तहत देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जिला मजिस्ट्रेट को यह पावर दी गई है कि वह निर्धारित करें कि भारत में कोई शख्स वैध तरीके से रह रहा है या अवैध तरीके से। इसी आधार पर उसे भारतीय और विदेशी घोषित किया जाता है। यह ट्रिब्यूनल एक अर्ध न्यायिक संस्था।

### कैसे आईडेंटिफाई होते हैं डी-वोटर्स ?

भारत का साम्राज्य बांग्लादेश के साथ सटा हुआ है। ऐसे में बांग्लादेश से असम में बहुत से लोग गैरकानूनी रूप से भारत में माइग्रेट करके आए हैं। 1980 के दशक में असम में कई संगठनों द्वारा अवैध तरीके से माइग्रेशन के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहे थे। प्रदर्शन कर रहे हैं संगठन द्वारा यह मांग थी कि लोगों के पास उचित दस्तावेज नहीं है। उन्हें आईडेंटिफाई करके वापस से उनके देश भेजा याए। इनमें बहुत से हिंदू वोटर की संख्या भी है।

**हनुमान मंदिर में ज्यादा से ज्यादा लोग आएं, हम सब मिलकर हनुमान जी के दर्शन करेंगे: सीएम**

# देश को तानाशाही से बचाना है: केजरीवाल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : देश को तानाशाही से बचाना है। इस तानाशाही से बचाने के लिए देश के 140 करोड़ लोगों को मिलकर लड़ना पड़ेगा। यह बात मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार शाम को तिहाड़ जेल से बाहर निकलते ही बाहर लोगों को संबोधित करते हुए कहा। सीएम को लेने के लिए खुद पंजाब के सीएम भगवंत मान, तमाम मंत्री और हजारों कार्यकर्ता तिहाड़ जेल पहुंचे। पूरे जोश से भरे कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर सीएम केजरीवाल का भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सुबह 11 बजे कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर जाकर हनुमान जी का दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। तिहाड़ जेल से बाहर निकलने के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप लोगों के बीच में आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने कहा था न कि जल्दी आउंगा। मैं आ गया। मैं सबसे पहले भगवान हनुमान जी के चरणों में वंदना करना चाहता हूं। हनुमान जी के आशीर्वाद से आज मै आप सब लोगों के बीच में हूं। मैं दिल्ली समेत देश भर के करोड़ों लोगों का धन्यवाद करना चाहता हूं। मुझे देश के करोड़ों लोगों की दुआएं मेरे साथ हैं। देश भर के लोगों ने मुझे आशीर्वाद भेजा है। सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया करना चाहता हूं, जिसकी वजह से आज मैं आप सब के बीच में हूं।



### सुबह 11 बजे जाऊंगा हनुमान मंदिर, फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस

सीएम अरविंद केजरीवाल ने देश भर के लोगों से निवेदन करते हुए कहा कि हम सब को मिलकर देश को तानाशाही से बचाना है। तानाशाही के खिलाफ हमें मिलकर संघर्ष करना है। देश के 140 करोड़ लोगों को इस तानाशाही से लड़ना पड़ेगा। सुबह हम हनुमान मंदिर जाकर भगवान हनुमान जी दर्शन करेंगे और उनका आशीर्वाद लेंगे। सुबह 11 हनुमान मंदिर में ज्यादा से ज्यादा लोग आना। हम सब मिलकर हनुमान जी का दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस होगीं।

### दक्षिणी दिल्ली में आज रोड शो करेंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : जेल से बाहर आते ही 'आप'' के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने कार्यकर्ताओं में जान फूंक दी है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुझे चुनाव में प्रचार करने का मौका मिला। मैं देश के करोड़ों लोगों का शुक्रिया करता हूं। हमारा देश तानाशाही के दौर से गुजर रहा है। हमारा देश 4 हजार साल से ज्यादा पुराना है। हमारा देश महान देश है। लेकिन जब-जब इस देश पर किसी ने भी तानाशाही करने की कोशिश की, लोगों ने उसे कभी बर्दाश्त नहीं किया। आज देश तानाशाही के दौर से गुजर रहा है।

### जेल के ताले टूट गए केजरीवाल छूट गए

केजरीवाल को तिहाड़ जेल से बाहर निकलते ही कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने 'जेल के ताले टूट गए, केजरीवाल छूट गए, अरविंद केजरीवाल जिंदाबाद समेत तमाम नारे लगाए। इस दौरान कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाई भी देते दिखे। अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर आना आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए दिवाली से कम नहीं था।

## सीएम केजरीवाल को जमानत मिलने पर आप नेताओं ने किया सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सीएम अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने सुप्रीमकोर्ट का धन्यवाद किया है। आप ने इसे सत्य की जीत बताते हुए कहा कि अब तानाशाही का अंत होगा। सीएम केजरीवाल लोकसभा चुनाव में प्रचार कर पाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सत्यमेव जयते बताया। तो सांसद संजय सिंह ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आया है। आप दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का महापर्व होता है। इस लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से तीन-तीन बार के प्रचंड बहुमत से चुने हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को केंद्र की मोदी सरकार ने चुनाव प्रचार करने से वंचित किया था, आज सुप्रीम कोर्ट ने इस देश और लोकतंत्र से मोहब्बत करने वाले लोगों के दिलों में एक उम्मीद की किरण जगाई है। इस दौरान आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सिर्फ सीएम अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत नहीं मिली है, बल्कि सत्य की विजय हुई है। इस फैसले से लोकतंत्र और संविधान की विजय हुई है। हमारे देश के इतिहास में जब-जब संविधान और लोकतंत्र खतरे में आया है, तब-तब देश का सुप्रीम कोर्ट सामने आया है।

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पीएमएलए जैसे मामले में केंद्र की भाजपा सरकार अपनी पूरी मशीनरी लगाकर एक मुख्यमंत्री को जेल में रखना चाह रही थी। ऐसे मामले में जहां पर कई महीनों तक लोगों को जेल में रखा गया है, ऐसे में सीएम अरविंद केजरीवाल को 40 दिन में अंतरिम जमानत मिलना किसी चमत्कार से कम नहीं है।

## केजरीवाल को जमानत मिलने से लोगों को विश्वास बढ़ा : यादव

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : कांग्रेस की दिल्ली इकाई के प्रमुख देवेंद्र यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरवाल को जमानत दिए जाने के फैसले का स्वागत किया और कहा कि इससे लोकतंत्र में लोगों को विश्वास बढ़ेगा। यादव ने कहा, "हम कहते आए हैं कि भाजपा



और इसके नेताओं ने लोकतांत्रिक प्रतिष्ठानों पर कब्जा कर लिया है। इसकी वजह से मौजूदा मुख्यमंत्रियों तक को जेल जाना पड़ा है। मैं उन्हें (अंतरिम) जमानत प्रदान करने के उच्चतम न्यायालय की सराहना करता हूं। इससे लोगों का लोकतंत्र में विश्वास बढ़ेगा।' गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए केजरीवाल को शुक्रवार के एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि हमारे बीच गठबंधन है और गठबंधन में दोनों दल एक दूसरे की मदद और काम करते हैं। सभी सात (लोकसभा सीट) हमारी जिम्मेदारी है।

## 50 दिन बाद अंतरिम जमानत पर तिहाड़ से बाहर आए केजरीवाल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : 50 दिन जेल में रहने के बाद शुक्रवार शाम करीब 6.50 बजे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। उन्हें शुक्रवार को ही सर्वोच्च न्यायालय से 1 जून तक अंतरिम जमानत मिली थी। जेल अधिकारी ने बताया कि सीएम को जमानत मिलने के बाद उनके वकील करीब 5 बजे उनकी रिहाई का आर्डर लेकर जेल पहुंचे थे। आदेश मिलने के बाद तिहाड़ प्रशासन सीएम की रिहाई की प्रक्रिया पूरी की और करीब 6:50 बजे उन्हें रिहा कर दिया गया। रिहाई का आदेश पहुंचने के करीब 1 घंटे 50 मिनट बाद सीएम जेल से बाहर आए और अपने घर के लिए निकल गए। जेल सूत्रों ने बताया कि रिहाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब सीएम बाहर जाने के लिए निकले तो सीएम वहां मौजूद सभी वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करके आए। सीएम ने वहां मौजूद कर्मचारियों से बात की और उनका हालचाल जाना। सूत्रों ने बताया कि कर्मचारियों को जेल में मौजूद कैदियों के साथ अच्छा व्यवहार रखने के लिए कहा।

### माता-पिता से मिलकर भावुक हुए केजरीवाल...



जेल से निकलने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल सीधा सिविल लाइन स्थित 6 फ्लैग स्टाफ रोड अपने आवास पर पहुंचे। कार से उतरते ही सबसे पहले राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केजरीवाल को फूलों का माला पहनाकर स्वागत किया और फिर गले लगा लिया। इस दौरान केजरीवाल वहां मौजूद दिल्ली के कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन के भी गले मिले। सीएम केजरीवाल की मां ने अपने बेटे को देखकर बहुत खुश हुईं। उन्होंने केजरीवाल को पहले आरती दिखाया, जिसके बाद केजरीवाल ने अपने माता-पिता का पैर छूकर आशीर्वाद लिया और गले लगा लिया। इस दौरान वह माता-पिता से मिलकर भावुक हो गए। इस पर आम आदमी पार्टी ने अपने ट्वीटर हैंडल पर ट्वीट कर लिखा कि 'पूरी दुनिया में मां-बाप से बढ़कर कुछ नहीं होता। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी अपने माता-पिता के गले लगकर हुए भावुक। तानाशाह की साजिश को नाकाम कर, जेल से लौटे हैं सीएम केजरीवाल।' इस मौके पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल व अन्य लोग भी मौजूद थे।

**पंजाब केसरी की बात**




## भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई ने तोड़ा रिकॉर्ड : भारद्वाज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। आप के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को विश्व स्तर पर भुखमरी



सूचकांक का एक आंकड़ा साझा किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जब भाजपा चुनाव लड़ती थी, तो उनका सबसे बड़ा नारा 'बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार' होता था। पिछले 10 सालों से देश में भाजपा की सरकार है और 10 सालों बाद आज जब हम महंगाई दर को देखते हैं तो खाद्य वस्तुओं के संबंध में यदि महंगाई की दर को देखा जाए तो भुखमरी के सूचकांक में 125 देश की सूची में भारत 2014 से पहले 99वे स्थान पर आता था, आज वह 12 अंक गिरकर 111 नंबर पर आ गए है, अर्थात महंगाई के मामले में स्थिति और बद से बदतर हो गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में महंगाई का आंकलन करने का आधार होता है, कि लोगों की आय कितनी बढ़ी और उसकी तुलना में खर्च किस दर से बढ़े। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 2011-12 में ग्रामीण क्षेत्रो में लोगों का मासिक खर्च 1430 रूपए हुआ करता था जो 2022-23 में बढ़कर 3773 रुपए हो गया है, अर्थात 2011-12 के तुलना में लगभग 2.64 गुना खर्च बढ़ गया है। इसी प्रकार से शहरी क्षेत्र में 2011-12 में मासिक खर्च 2630 रुपए हुआ करता था जो 2022-23 में बढ़कर 6459 रुपए हो गया है। अर्थात यह भी 2.45 गुना बढ़ गया है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जो आंकड़े मैंने पेश किए हैं, इनमें हुई बढ़ोतरी को देखते हुए केवल दो ही कारण नजर आते हैं या तो किसानों को सरकार उनकी फसल का अधिक दाम देने लगी है या फिर यह पैसा बिचौलियों के पास जा रहा है।

## अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत लोकतांत्रिक सिद्धांतों के अनुरुप: अश्विनी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पूर्व केंद्रीय


अश्विनी कुमार

कानून मंत्री अश्विनी कुमार ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश चुनावी मौसम में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की पवित्रता का पालन करता है। उन्होंने कहा कि यह आदेश साथ-साथ आपराधिक जांच में उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन करने की आवश्यकता को भी संतुलित करता है। उन्होंने कहा है कि न्यायालय का आदेश लोकसभा चुनावों में केजरीवाल को प्रचार करने और वोट डालने की सुविधा प्रदान करता है, वहीं यह आदेश संविधान की मूल संरचना को आगे बढ़ाते हुए लोकतांत्रिक उद्देश्यों की भी पूर्ति करता है। साथ ही उन्होंने कहा है कि न्यायालय का आदेश स्पष्ट रूप से बताता है कि केजरीवाल को अंतरिम जमानत अपने स्वयं के तथ्यों पर है और यह एक मिसाल के रूप में काम नहीं करेगा और न ही इसे भेदभावपूर्ण के रूप में देखा जाएगा।

**● न्यायालय का आदेश लोकसभा चुनावों में केजरीवाल को प्रचार करने और वोट डालने की सुविधा प्रदान करता है**

अश्विनी कुमार ने यह भी कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश हिरासत में मौजूद लोगों को अंतरिम जमानत देने के लिए कानूनी सिद्धांतों की पुष्टि करता है, और लोकतांत्रिक बुनियादी सिद्धांतों को आगे बढ़ाता है।

## 'आप' की चार सीटों पर भी कांग्रेस 5 न्याय की 25 गारंटी का कार्ड भरवाएंगी


**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने नेतृत्व में कॉआर्डिनेशन कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक उन 4 लोकसभा सीटो के लिए हुई जिन पर आप के उम्मीदवार मैदान में है। बैठक में दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया, चुनाव प्रबंधन एवं कॉआर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन सुभाष चोपड़ा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी, पूर्व विधायक कंवर करण सिंह, सुमेश शौकीन, अकांक्षा ओला, जिलाध्यक्ष दिनेश एडवोकेट, विरेन्द्र कसाना, दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अब्दुल वाहिद कुरैशी आदि मौजूद रहे। देवेन्द्र यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि तीन



लोकसभा सीट जिन पर कांग्रेस उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है, कांग्रेस इनके साथ-साथ बाकी चार लोकसभा सीटों पर जिन पर इंडिया गठबंधन के सहयोगी चुनाव लड़ रहे है, वहां कांग्रेस कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार का काम करेंगे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आप पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सभी लोकसभा सीटों में घर-घर जाकर कांग्रेस के 5 न्याय में नीहित 25 गारंटियों के गारंटी कार्ड भरवाएं।




# मोदी की गारंटी



# गारंटी पूरा होने की है गारंटी



देश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रचार अपने पूरे शबाब पर है। भाजपा के तेज तर्रार नेता व केन्द्रीय सूचना मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर हिमाचल प्रदेश की अपनी परंपरागत सीट हमीरपुर से ताल ठोक रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। साथ ही उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए 10 वर्षों में किए गए काम गिनाए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने एससी-एसटी व ओबीसी वर्ग के सशक्तिकरण के एक नये युग की शुरुआत की है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देशवासियों के जीवन में बड़ा परिवर्तन हो रहा है जिसे लोग स्वयं महसूस कर रहे हैं... *ऐसे ही विभिन्न मुद्दों को लेकर अनुराग ठाकुर ने 'पंजाब केसरी' के मेट्रो एडिटर सतेन्द्र त्रिपाठी व डिप्टी ब्यूरो चीफ सुरेन्द्र पंडित के सवालों पर खुलकर अपनी बात रखी।*

### इंडी गठबंधन को कितनी बड़ी चुनौती मानते हैं आप?

जो गठबंधन एक कॉमन घोषणा पत्र नहीं ला सकते, किसी मुद्दे पर एक राय नहीं हो सकते, अपने गठबंधन के अंदर एक नेतृत्व स्वीकार नहीं कर सकते, जो गठबंधन खुद टुकड़ों-टुकड़ों में बंटा हो वो दूसरे के लिए नहीं खुद के लिए चुनौती है। सबसे पहले तो इन्होंने अपने भ्रष्टाचार के दाग धोने के लिए यूपीए से अपना नाम बदलकर इंडी गठबंधन रखा था पर आज उन्हें इसका कोई फायदा होता नहीं दिख रहा। लोग इनका असली चेहरा जानते हैं। आज इनके कई नेता भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते जेल में हैं या तो बेल पर बाहर हैं। दूसरी बात गठबंधन सिर्फ कागज पर होने से नहीं चलता है। असल में इनका गठबंधन है कहां? यहां तो सभी एक दूसरे के कपड़े फाड़ने में लगे हैं। नीतीश जी हमारे साथ हैं, ममता दीदी अलग चुनाव लड़ रही हैं, वाम दलों ने तो राहुल गांधी के लिए वायनाड तक नहीं छोड़ा। उनके सभी नेता खुद को प्रधानमंत्री मानते हैं। एक अनार और सौ बीमार वाली स्थिति से गठबंधन कैसे चलेगा?

### आरक्षण को लेकर देश की जनता को जो भ्रमित किया जा रहा है, उस पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है?

आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम बिल्कुल निराधार और बेबुनियाद है। कांग्रेस जहां-जहां राज्य सरकार बनाती है वहां एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण काटकर अपने वोट बैंक को देती है। कांग्रेस ने देश में इमरजेंसी लगाई। उन्होंने अब तक 62 बार संविधान संशोधन किए हैं, वहीं पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के सशक्तिकरण के लिए एक नए युग की शुरुआत की है। हमने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिया। आज हमारे सभी योजनाओं के प्रमुख लाभार्थी एसटी, एससी और ओबीसी समुदाय के लोग हैं। भाजपा ने इस बार भी रिकॉर्ड स्तर पर महिलाओं और एससी, एसटी, ओबीसी उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। एससी एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। झूठ बोलने में माहिर कांग्रेस अब डीप फेक वीडियो बनाकर लोगों में भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस के नेताओं का नाम इसमें आना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक भी है। आम चुनावों से पहले भी हमें पता था कि विपक्ष अपनी निश्चित हार को देखते हुए झूठ, भय और भ्रम का सहारा जरूर लेगा। आज आप देखेंगे कि कांग्रेस का हर बड़ा नेता केवल झूठ के बदौलत अपना पूरा चुनाव प्रचार चला रहा है। झूठ बोलने से भी हार में तनिक भी बदलाव न होता देख अब यह लोग टेक्नोलॉजी और डीप फेक का उपयोग कर और ज्यादा भ्रम और भय फैला रहे हैं। यह मोदी जी की गारंटी है कि आरक्षण व संविधान से कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, और मोदी की गारंटी पूरा होने की गारंटी है।

### आपको क्या लगता है कि पीएम मोदी जी विजन 400 पार वाला कहां तक सफल होगा?

पीएम मोदी के हर विजन की तरह 400 पार का विजन भी पूरा होगा। मोदी जी आज भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। भारत के लोग उन्हें बेहद प्यार करते हैं। उन्होंने भारत के लोगों के लिए 10 वर्षों में वह किया है जो कांग्रेस अपने 60 वर्षों में भी नहीं कर पाई। मोदी जी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया, चार करोड़ आवास दिए,12 करोड़ शौचालय, 13 करोड़ घरों को नल सेजल, 11 करोड़ से ज्यादा उज्जवला गैस के कनेक्शन, 60 करोड़ लोगों को मुफ्त इलाज और 81 करोड़ लोगों को मुक्त अनाज के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसान सम्मन निधि, मुद्रा योजना, स्वनिधि योजना, स्टार्टअप इंडिया और विश्वकर्मा योजना लेकर आए। लोग मोदी जी के नेतृत्व में अपने जीवन में परिवर्तन होता देख रहे हैं। अपने आसपास विकास को महसूस कर रहे हैं। इसके साथ ही लोगों को यह भी पता है कि आज देश में अपने किए वादे पूरे करने वाली कोई पार्टी है तो वह भारतीय जनता पार्टी ही है। हमारी सरकार आने से पहले जिन कार्यों को नामुमकिन कहा जाता था हमने वह भी करके दिखाया है। हमने 500 वर्षों के लंबे इतिहास के बाद राम मंदिर बनवाया, मुस्लिम माता-बहनों को ट्रिपल तलाक से निजात दिलाई, सीएए लेकर आए और जम्मू कश्मीर से धारा 370 को सदा-सदा के लिए समाप्त किया। आज हमारा भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। आज देश का हर वर्ग चाहे वह युवा हो, महिलाएं हों, किसान हों, कामकाजी लोग हों, बिजनेस वाले हों या बुजुर्ग सभी खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं सभी का एक ही संकल्प है कि मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। आप केवल 400 पार की बात करते हैं। हम हमारे लिए 400 पार और कांग्रेस के लिए 40 से नीचे की बात कर रहे हैं।



### कर्नाटक में ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दिया गया है, आप क्या कहते हैं?

वही तो मैं कह रहा हूं। कांग्रेस एक झूठी पार्टी है जो सिर्फ और सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करती है। हमारे संविधान निर्माताओं ने स्पष्ट रूप से तय किया था कि मुसलमानों को धर्म के आधार पर कोई भी आरक्षण नहीं मिलेगा। लेकिन कांग्रेस ने अपने तुष्टिकरण की राजनीति के लिए इस जिन को बोतल से निकाला और आज परिणाम आप कांग्रेस शासित राज्यों में देख रहे हैं। इनके नेता चुनावी रैलियों में आरक्षण आरक्षण चिल्ला रहे हैं लेकिन उनकी सरकारों में अलग ही खेल चल रहा है। हमारे एसटी, एससी और ओबीसी भाइयों-बहनों का आरक्षण काट कर मुसलमानों को देना न सिर्फ सामाजिक तौर पर गलत है बल्कि ये बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के संविधान का भी अपमान है। हम धार्मिक आधार पर आरक्षण के खिलाफ हैं। भारतीय जनता पार्टी बेहद कड़े ढंग से इसका विरोध करती है। वहीं दूसरी ओर अगर आप मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को देखेंगे तो उनका अधिकतम लाभ गरीबों और वंचितों को ही मिला है। उदाहरण स्वरूप प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 71% लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के 80% लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान हैं जो एससी, एसटी और ओबीसी से आते हैं। 58% स्कॉलरशिप हमारे एसटी और एससी छात्रों को मिला है। मुद्रा योजना का 51% लाभ हमारे एससी और एसटी को मिला है। आवास योजना के अंतर्गत लगभग 54 से 55% लाभ हमारे एससी और एसटी भाइयों-बहनों को मिला है। मोदी जी पीएम विश्वकर्मा योजना लेकर आए जिसे सबसे बड़ा लाभ एससी-एसटी और ओबीसी समुदाय को मिल रहा है। नरेंद्र मोदी जी ने भगवान वाल्मीकि जी के नाम पर अयोध्या का एयरपोर्ट बनाया। आज महान संत रविदास जी की भव्य प्रतिमा वाराणसी में बन रही है और भव्य धाम मध्य प्रदेश में बन रहा है।

### आपके नजरिए में चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा क्या है?

विकास, विकसित, सशक्त व सुरक्षित भारत ही हमारा मुद्दा है। लेकिन विपक्षी पार्टियां इसे भय और भ्रम आधारित बनाना चाह रही हैं। कभी यह लोग भारतीयों की संपत्ति छीनकर अपने वोट बैंक को देने की बात करते हैं तो कभी भारतीयों को उनकी चमड़ी के रंग के आधार पर चीनी, अफ्रीकन, अरब और अंग्रेज बताते हैं। असल में देखा जाए तो कांग्रेस ने कभी भी भारत को एक माना ही नहीं है। उसने हमेशा भारत को टुकड़ों में देखा है। कभी जातिवाद, कभी क्षेत्रवाद, कभी भाषा विवाद, कभी उत्तर दक्षिण, कभी हिंदू मुस्लिम, कांग्रेस हमेशा यही करती आई है।

### 370, तीन तलाक और राममंदिर के बाद अब क्या?



भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करती है। इसीलिए आपने देखा कि जो लोग कभी कहते थे कि कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक लागू करना और राम मंदिर बनाना नामुमकिन है, खून की नदियां बह जाएंगी, वह आज चुप हैं। हम कोई भी काम कभी भी छुपा कर नहीं करते। हमारी पार्टी का स्पष्ट मेनिफेस्टो जारी होता है जिसमें हम आने वाली सरकार में करने योग्य कार्यों का विवरण देते हैं। इस बार भी हमने अपना संकल्प पत्र जारी किया है और उसे अवश्य पूरा करेंगे।

### हिमाचल में भाजपा के लिए कांग्रेस कितनी बड़ी चुनौती है जब राज्य में कांग्रेस की सरकार है?

हिमाचल में कांग्रेस की सरकार विशुद्ध तौर पर झूठे वादों के दम पर बनी थी। आज उनकी सरकार को 2 वर्ष से ज्यादा हो गए हैं पर उन्होंने एक भी गारंटी पूरी नहीं की है। लोगों में इतना आक्रोश है कि उनका गुस्सा 6 विधायकों के तौर पर बाहर आ गया। राज्यसभा चुनाव में भी यही देखने को मिला। आज कांग्रेस की स्थिति यह है कि उन्हें चुनाव लड़ने वाले नहीं मिल रहे। उनके बड़े नेता चुनाव लड़ने से डर रहे हैं या दो-दो सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। फिर भी कांग्रेस अभी तक 300 सीटों पर भी अपने उम्मीदवार नहीं खड़े कर पाई है। हिमाचल में 2014 और 2019 के बार 2024 में फिर एक बार चारों की चारों सीटों पर कमल खिलने वाला है और इसक साथ साथ उपचुनाव को 6 सीटें भी हम हीं जीतेंगे।



### भाजपा पर हमेशा आरोप लगता है कि ईडी-सीबीआई को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है?

**मोदी** सरकार में देश की जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से संविधान सम्मत कार्रवाई कर रही हैं। 2014 से पहले पूरा देश घोटालों से त्रस्त था। आम नागरिक कहते थे कि इन घोटालेबाजों पर कार्रवाई होनी चाहिए। आज इन भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई हो रही है तो कुछ लोगों को इसमें पॉलिटिक्स दिख रहा है। जो लोग यह कहते हैं कि यह कार्यवाइयां भाजपा के कहने पर हो रही हैं, क्या उन्हें देश की स्वतंत्र न्यायपालिका पर विश्वास नहीं है? अगर जेल में बंद नेताओं के ऊपर पुख्ता आरोप और सबूत नहीं होते तो क्या वे एक साल और डेढ़ साल से जेल में होते? क्या उन्हें अदालत से बेल नहीं मिलती? और जहां तक बात अन्य दलों के नेताओं के भाजपा में आने की है तो हमारा स्पष्ट मत है कि भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के निर्माण के साथ सभी लोग जुड़ने हेतु स्वतंत्र हैं। भाजपा में आ जाने से उनके खिलाफ अगर कोई केस है तो वह बंद नहीं होता है। उस पर न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर जांच चलती है। हम न किसी के ऊपर केस करते हैं, न केस चलाते हैं। यह सब केंद्रीय एजेंसियों का काम है जो स्वतंत्र रूप से कार्य करतीं हैं। कई बार इन्वेस्टिगेशन चलने के बाद लोग बरी भी होते हैं और कई बार उन्हें सजा भी मिलती है। इसका उनकी पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है।

## 'यूथ विद जेपी' स्लोगन के साथ सैकड़ों युवा जेपी अग्रवाल से जुड़े



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : चांदनी चौक लोकसभा सीट से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन के सांझा उम्मीदवार वरिष्ठ नेता जयप्रकाश (जेपी) अग्रवाल का चुनाव प्रचार गति पकड़ चुका है। उनके चुनाव प्रचार की कमान अब युवाओं ने संभाल ली है। 'यूथ विद जेपी' स्लोगन के साथ आज सैकड़ों युवा जयप्रकाश जी के साथ जुड़ गए। इसके अलावा पुरानी दिल्ली सदर बाजार के व्यापारियों और ट्रेडर्स की प्रमुख संस्था फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन (फैस्टा) ने जयप्रकाश अग्रवाल को पूर्ण समर्थन देते हुए उन्हें चुनाव में जीत का भरोसा दिलाया। शुक्रवार को जयप्रकाश अग्रवाल को चुनाव प्रचार में उस समय और अधिक बल मिला जब युवाओं ने उनके साथ जुड़ने की घोषणा की। 'यूथ विद जेपी' स्लोगन के साथ सैकड़ों युवाओं ने आज गुजरांवाला टाउन इलाके में स्थित बीकानेर वाला में जयप्रकाश अग्रवाल के साथ मुलाकात की। इस दौरान युवाओं ने उनके के साथ सवाल जवाब किए। कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेश जैन, फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, दिल्ली कैमिकल मर्चेंटस एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता की ओर से बुलाई गई इस बैठक में अध्यक्ष राकेश यादव, सुधीर जैन, राजेंद्र शर्मा ने सदर बाजार से जुड़ी अपनी समस्याओं संबंधी एक ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान जेपी अग्रवाल ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि चुनाव जीतने के बाद वे व्यापारियों और ट्रेडर्स के साथ मिलकर उनकी समस्याओं एंव मुद्दों का समाधान करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

# केजरीवाल के जेल से बाहर आने पर अब बदलेगा समीकरण!

## भाजपा प्रत्याशियों को करनी होगी अब कड़ी मशक्कत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): लोकसभा चुनाव 2024 में दिल्ली में हर दिन कुछ न कुछ ऐसा घटित हो रहा है, जो कि इस बार के चुनाव में कुछ अलग होने की प्रबल संभावना बना रहा है। दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल का शुक्रवार को जेल से जमानत पर बाहर आना किसी बड़े परिवर्तन का कारण बन सकता है। लोकसभा चुनाव के मौके पर अभी तक आप नेता केजरीवाल के जेल में बंद होने के नाम पर जनता के बीच जाकर सहानुभूति बंटोर रहे थे, लेकिन अब केजरीवाल के जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद से क्या समीकरण होंगे कुछ सटीक नहीं कहा जा सकता है। उनका जेल से बाहर आना पार्टी के लिए कितना लाभकारी रहेगा या भाजपा के लिए कितना नुकसानदायक होगा, यह चुनाव परिणाम ही बताएगा, लेकिन केजरीवाल का जनता के बीच जाकर प्रचार करना निश्चित ही प्रभाव डालेगा। ऐसे में कल तक केजरीवाल के घोटालों को उजागर कर जनता के बीच वोट



मांग रही भाजपा के लिए भी अब कड़ी चुनौती रहेगी क्योंकि केजरीवाल खुद जनता के बीच जाकर अपनी सफाई देंगे। इस पर भाजपा को और मजबूत रणनीति के साथ आप सरकार पर हमलावर होना होगा।

दिल्ली में लोकसभा चुनाव हर दिन नया मोड़ ले रहा है। पिछले दिनों जहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन छोड़ा तो वहीं अब केजरीवाल का चुनाव के बीच जेल से बाहर आना अपने आप में बड़ी घटना है। अभी तक केजरीवाल के जेल में बंद होने के नाम पर आम आदमी पार्टी के नेता वोट मांग रहे थे और केन्द्र सरकार की मनमानी करार दे रहे थे, लेकिन अब कि जब खुद केजरीवाल जनता के बीच जाकर वोट मांगेंगे और अपनी सफाई देंगे तो हवा कुछ और ही होगी। आप-कांग्रेस गठबंधन के बैनर तले चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के समक्ष अब भाजपा के प्रत्याशियों की राह आसान नहीं होगी क्योंकि केजरीवाल की गैर मौजूदगी में उनकी पत्नी रोड शो आदि दूसरे आप नेताओं के साथ कर रही थीं, लेकिन अब केजरीवाल के आने से दिल्ली में राजनीति की हवा बदलेगी। अब यह कहना आसान नहीं होगा कि भाजपा के लिए जीत की राह आसान होगी। ऐसे में आप-कांग्रेस गठबंधन का पूरा प्रयास रहेगा कि हर सूरत में उनके प्रत्याशी दिल्ली में जीत का खाता खोलने में सफल हो जाएं।

## कमलजीत सहरावत के लिए दीया कुमारी ने किया प्रचार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शुक्रवार को पश्चिमी दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के समर्थन में विशाल महिला सम्मेलन को सम्बोधित किया जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में महिला डॉक्टर, वकील, शिक्षक एवं उद्यमी सम्मलित हुईं।

## भगवान परशुराम अवतरण दिवस मनाया




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सिविल लाइंस स्थित शाह ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा भगवान परशुराम अवतरण दिवस महोत्सव के अवसर पर लोगों से वैदिक और सनातनी परंपराओं के निर्वहन का आह्वान किया गया ताकि भारत को पुनः विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम की शुरुआत हवन और यज्ञ से की गई जिसमें वैदिक रचनाओं के माध्यम से वैश्विक शांति, लोक कल्याण, सुशासन और सामाजिक समरसता हेतु जगद्गुरु दंडी स्वामी देव दीप्तानंद सरस्वती महाराज द्वारा ईश्वर से प्रार्थना की गई। स्वामीजी ने शास्त्रों में वर्णित सोलह संस्कारों का जिक्र करते हुए कहा कि ब्राह्मण उन्हें जानें और उनका पालन करें। उन्होंने उपस्थित ब्राह्मण समुदाय को कर्तव्य पराणता के साथ धर्म का पालन करने और मनुस्मृति के अनुसार आचरण करने की सलाह दी। पं कैलाश चंद शास्त्री व सचिव डॉ आर. पी. पाराशर द्वारा मंच का संचालन किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सामाजिक विभूतियां को सम्मानित किया गया।

## पूर्वी दिल्ली: भाजपा प्रत्याशी के रोड शो में सिर फुटव्वल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा में चुनाव के ऐन मौके पर पूर्वी दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा के रोड शो में प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा मंत्री और सिद्धार्थ नगर से पार्षद पति के बीच विवाद सामने आया है। आरोप है कि मंत्री पर पार्षद के पति और उनके साथ आए कुछ लड़कों ने हमला बोल दिया।

आरोप है कि विवाद यही नहीं थमा मंत्री के घर के बाहर भी एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति को थप्पड़ जड़ दिया गया। उसके बाद भगवान नगर इलाके के लोगों के सब्र बांध टूट पड़ा। दोनों पक्षों को चोट बताई जा रही है, लेकिन सनलाइट कॉलोनी



पुलिस ने किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई अभी तक होने से इंकार किया है। वहीं पार्टी पदाधिकारियों के बीच हुए विवाद की शिकायत संगठन महामंत्री पवन राणा तक पहुंचा दी गई है। सूत्रों के मुताबिक गत गुरुवार को सिद्धार्थ नगर वार्ड में भाजपा प्रत्याशी का रोड शो होना था। इस दौरान पार्षद सोनाली चौधरी ने रोड शो ज्वाइन किया।

आरोप है कि उसके बाद उनके पति विकास चौधरी ने अपने कुछ साथी और परिजनों के साथ प्रदेश युवा मोर्चा में मंत्री अभिषेक पर हमला बोल दिया। उनके बचाव में आए छोटे भाई देवराज पर भी विकास और उनके साथियों ने हमला बोला। उसके बाद रोड शो में अभिषेक के घर की तरफ विकास और उनके साथी आगे बढ़े और रास्ते में एक अधेड़ उम्र के नीरज चौधरी नामक व्यक्ति को भी थप्पड़ मार दिया गया।

उसके बाद भगवान नगर इलाके के स्थानीय लोगों के सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने पार्षद पति और उनके साथ मौजूद मारपीट करने वालों की जमकर धुनाई कर डाली। बताया जा रहा है कि अभिषेक और उनके भाई देवराज को उपचार के लिए एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जबकि विकास और उनके साथी उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाए गए। इस मामले में खबर लिखे जाने तक किसी प्रकार की पुलिस कार्रवाई किए जाने से इंकार किया जा रहा है।

## गाजियाबाद में मुठभेड़ : बदमाश ढेर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : एनसीआर के तहत गाजियाबाद में शुक्रवार को तड़के ही पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक बदमाश अक्की उर्फ दक्ष की गोली लगने से मौत हो गई। इस दौरान एक पुलिसकर्मी मंगल सिंह भी गोली लगने से घायल हो गया, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी की कुछ बदमाश राजनगर एक्सटेंशन वाली रोड से आ रहे हैं, घेराबंदी के दौरान दो बदमाश पुलिस को चकमा देकर भागने लगे। पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान क्रॉस फायरिंग में एक बदमाश को गोली लग गई,जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठा कर भाग खड़ा हुआ। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने बताया की जब पुलिस ने बदमाश के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला की मारा गया बदमाश अक्की उर्फ दक्ष है।

# शेयर बाजार में रौनक लौटी



- रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल में तेजी के दम पर गिरावट पर लगाम लगी

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल में तेजी के दम पर तीन सत्रों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को लगाम लगी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि कारोबारियों के अनुसार, विदेशी पूंजी की घरेलू बाजार से निकासी जारी रहने और निवेशकों के सतर्कता बरतने से बाजार की बढ़त एक हद तक सीमित हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 260.30 अंक यानी 0.36 प्रतिशत चढ़कर 72,664.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 542.37 अंक यानी 0.74 प्रतिशत बढ़कर 72,946.54 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 97.70 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 22,055.20 अंक पर बंद हुआ।

इस तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी गिरावट को थामने में मदद मिली। गुरुवार को बड़े पैमाने पर हुई बिकवाली ने सेंसेक्स को 1062.22 अंक यानी 1.45 प्रतिशत का झटका देते हुए 72,404.17 अंक पर ला दिया था। इसी तरफ निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर आ गया था। हालांकि शुक्रवार का दिन घरेलू शेयर बाजारों के लिए राहत भरी तेजी लेकर आया।

## सोने का आयात 30 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मजबूत घरेलू मांग रहने से देश में सोने का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस साल मार्च में कीमती धातु का आयात 53.56 प्रतिशत घटकर 1.53 अरब डॉलर रह गया। स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आयात में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की लगभग 10 प्रतिशत है।

## अर्थजगत

# गेहूं व चीनी में नरमी, तिलहन में तेजी का रुख

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने से उड़द में 100-140 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी आई जबकि लिवाली कमजोर पड़ने से गेहूं दड़ा मिल पहुंच तथा चक्की पहुंच में 10-10 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी दर्ज की गई। तिलहन बाजार में, स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने से सरसों एक्सपैलर में 50 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई चावल तेल पंजाब 30 रुपए प्रति क्विंटल घट गया। चीनी बाजार में, लिवाली कमजोर ही बनी होने से विभिन्न मिलों की चीनी में 5-6 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी आई।

**अनाज-दाल** : गेहूं: एमपी देशी 3400/3600, दड़ा (मिल पहुंच) 2460/2465, चक्की (पहुंच) 2475/2480, आटा चक्की (10 किलो)(जीएसटी सहित) 290/295, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1350/1360, मैदा (50 किलो) 1400/1405, सूजी (50 किलो) 1470/1480, चोकर (48 किलो) 1160/1180, चावल: बासमती लालकिला 14600, स्वाद 10800, शरबती सेला 4850/4950, स्टीम 5300/5400, (1121 नं.) दाल उड़द: छिलका (लोकल) 10500/11000, बढिय़ा 11400/11800, धोया लोकल 10200/11000, मसूर कच्ची: छोटी 6250/6475, दाल मसूर: लोकल 7300/7500, बढिय़ा 7600/7700, मलका: लोकल 7200/7300, बढिय़ा 7400/7600, दाल अरहर: दड़ा 14900/15100, पटका 15300/15700, चना (खड़ी मोटर) राजस्थान 6440/6450, एमपी 6400/6425, चनादाल: लोकल 7250/7350, बढिय़ा 7450/7550, बेसन (35 किलो) (जीएसटी अतिरिक्त): एग्रोप्योर 3020, राजमा चित्रा: चीन 10400/12300, ब्राजील 12000/12500, पुणे 10000/13200, राजमा भूटान 9400/9800, काबली चना: छोटा 7500/7800

**चीनी मिल डिलीवरी** : अफजलगढ़ 3915, सिंभावली 3950, शामली &, मोदी 3950, देवबंद 3955, किनौनी 3980, बुढ़ाना 3930, खतौली 3950, मवाना 3925

**गुड़-शक्कर** : गुड़ पेड़ी 4200/4300, चाकू 4300/4400, ढैया 4400/4500, शक्कर 4700/4800, खांडसारी 5200/ 5300

**तिलहन और तेल:** सरसों 5300/5350, खली एक्सपेलर: सरसों 2500/2750, बिनौला 3100/3300, डिऑयल्ड एक्सटेरेक्शन (टन): राइसब्रान कंटीन्यूस 15700/15800, सरसों 23900/24000, सोयाबीन पीला 42500/43000, खाद्य तेल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड (टीन) 2700/2800, सरसों तेल (टीन) 1750/1950, सरसों एक्सपेलर 10200, तिल तेल 14800, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी 9850, सोया तेल डिगम्ड 8800, गोला तेल (टीन) 2650/ 2750

**लोहा व इस्पात** : सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 72600, (10 एमएम) 71400, (12 एमएम) 69000, (16-25 एमएम) 70200, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 386, (10) 592, (12) 836, (16) 1488, ( 20 एमएम) 2327, (25 एमएम ) 3632, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 72400, (10 एमएम)65700, (12 एमएम) 68800, (16-25 एमएम) 69400, (32 एमएम) 69400, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 72200, (10) 71200, (12) 68600, (16-25) 69700, (32) 69700, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 72500, (10) 70800, (12) 68700, (16-25) 68900, (28-32) 68900, बिरला (8 एमएम) 72100, (10 एमएम) 69000, (12 एमएम) 68300, (16-25 एमएम) 68300, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 72000, (10 एमएम) 70900, (12 एमएम) 68400, (16-25 एमएम) 68400, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 72400, (10 एमएम) 70900, (12 एमएम) 68500, (16-25 एमएम) 69700, चैनल: राना (जीएसटी अतिरिक्त) 57000, एमएस (केवीएस) (75&40) (100 &50) 59200, जयभारत 56000, अनमोल 56000, बिरला 57900, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 57000, अनमोल 57000, टी-आयरन: राना 57900, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 47400, (साढ़े तीन इंच) 48400, (4 इंच) 48700, (5 इंच) 48700, (छ: इंच) 49000, स्क्रैप: पुरानी 41500, मैल्टिंग स्क्रैप 43500, इंगट 47500, राउंड 52500

**अलौह धातु** : एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद &, बैट्री काला 102, देशी मुलायम 187/207, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 187/207, चार प्रतिशत 192/211, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल &, मिक्स &, जालंधर &, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 566, रेडिएटर देशी 390, रेडिएटर विदेशी 390, चादरी देशी 544, पुर्जे स्क्रैप 532, टिन (रांग): इंगट मलेशिया &, इंडोनेशिया 3100, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 269, एजेड 273, आईजेड 266, आईजे 268, पीएमआई 238, ड्रास (ढीमा) 214, निकिल कैथोड: रसियन- (4&4) 1530, (8&8) 1535, (4&24) 1540, नार्वे (4&4) 1550, (4&24) 1555, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 778, भटठी 776, सीसी 780, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 238, शीट कटिंग 218, वायर स्क्रैप 222, बर्तनफूट 188, पुर्जाफूट 182, रॉड: लोकल 244, कम्पनी 258.

### कल क्या होगा?



**रविवार** बैशाख सुदी पंचमी को गेहूं, जौ, जई, ढैंचा, ग्वार, ग्वारगम, देशी घी, दूध पाउडर, बाजरा, ज्वार, गुड़, चीनी, उड़द, मटर, देशी चना, मसूर, काबली चना, तुअर, हल्दी, केसर, बड़ी इलायची, कालीमिर्च, सौफ, मखाना, अमचूर, बादाम, किशमिश, कॉपर में लाभ तथा मोटे चावल, मूंग, मोठ, राजमा चित्रा, मक्की, सरसो, सोया, बिनौला, मूंगफली तेल, अंजीर, काजू, लालमिर्च, जीरा, अजवायन, धनिया, गोंद, सौंठ, द्राख, पारा, लौंग, पिस्ता, निकिल, पीतल में हानि की संभावना है। भाग्यांक 4-5-7-8 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 7.23 बजे प्रात: के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।

# भारत का बहुभाषी एआई 'हनुमान' पेश

- आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए यह जल्द ही ऐप स्टोर पर उपलब्ध होगा

**बेंगलुरु,** (भाषा): भारत का सबसे बड़ा बहुभाषी और किफायती स्वदेशी जेनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेनएआई) मंच 'हनुमान' शुक्रवार को पेश किया गया। यह 12 भारतीय भाषाओं सहित 98 वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है।

ये 12 भारतीय भाषाएं हिंदी, मराठी, गुजराती, बंगाली, कन्नड़, ओडिया, पंजाबी, असमिया, तमिल, तेलुगु, मलयालम और सिंधी हैं। इसके अलावा, 'हनुमान' मंच अंग्रेजी, स्पेनिश, इतालवी, जर्मन, जापानी, कोरियाई जैसी 80 अन्य भाषाओं का समर्थन करेगा।

इस एआई टूल को जेनरेटिव एआई कंपनी एसएमएल इंडिया ने अबू धाबी स्थित निवेश कंपनी 3एआई होल्डिंग के साथ साझेदारी में विकसित किया है।

यह ऐप अब भारत में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इसे एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए यह जल्द ही ऐप स्टोर पर उपलब्ध होगा।

एसएमएल इंडिया के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विष्णु वर्धन ने कहा, ''भारत में एआई नवाचार के एक नए युग का 'हनुमान' प्रतिनिधित्व करता है। हमारा लक्ष्य एक साल में 20 लाख उपयोगकर्ताओं को इससे फायदा पहुंचाना है।'' उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत भारतीयों को अंग्रेजी ठीक से समझ नहीं आती है।

# विवाह स्थगित होने पर लड़की का सिर काटकर ले गया

- लड़की के नाबालिग होने के कारण विवाह रुक गया था

**मदिकेरी** (कर्नाटक), (भाषा): कर्नाटक के कोडागु जिले में प्रस्तावित विवाह स्थगित होने से नाराज एक युवक ने 16 वर्षीय लड़की की कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि लड़की के नाबालिग होने के चलते दोनों का विवाह स्थगित कर दिया गया था। पुलिस ने बताया कि विवाह स्थगित होने के बाद 32 वर्षीय प्रकाश लड़की मीना के घर में घुस गया। पुलिस ने बताया युवक ने लड़की के पिता एवं मां पर हमला किया और लड़की का सिर धड़ से अलग करके उसका सिर अपने साथ ले गया। घटना सुरलब्बी गांव की है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार को लड़की की प्रकाश के साथ सगाई थी, लेकिन किसी ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दे दी जिसके बाद बाल कल्याण विभाग के अधिकारी नाबालिक लड़की मीना के घर पहुंचे और दोनों परिवारों को समझाया। दोनों परिवार इस बात पर सहमत हुए कि मीना के 18 साल के होने के बाद ही उसकी शादी प्रकाश से की जाएगी। गुरुवार शाम लगभग 5.30 बजे प्रकाश ने मीना के घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला करके उसका सिर धड़ से अलग कर दिया और सिर अपने साथ लेकर वहां से भाग गया।

## यूपी के अपर मुख्य सचिव एयरपोर्ट का लिया जायजा

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : गौतमबुद्ध नगर के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट का जायजा लेने के लिए यूपी के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल साइट पर पहुंचे। उन्होंने जेवर एयरपोर्ट की प्रगति को लेकर अफसरों से बातचीत की गई। एसपी गोयल ने पूरी साइट का दौरा किया। एसपी गोयल ने कहा कि एयरपोर्ट पर हवाई जहाज के उड़ने से पहले तैयारी पूरी हो जानी चाहिए।

# नीट की तैयारी कर रहे छात्र की हत्या

- लड़की से मिलने पहुंचा, परिवार के लोगों ने की उससे मारपीट

**जयपुर,** (पंजाब केसरी): राजस्थान के नागौर जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे 17 वर्षीय छात्र की उस लड़की के परिवार वालों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी, जिससे मिलने के लिए वह उसके गांव पहुंचा था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और कहा कि दोनों की दोस्ती सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि छात्र बुधवार को कोटा से मेड़ता सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में लड़की (15) से मिलने पहुंचा, लेकिन लड़की के परिवार के लोगों ने उन्हें एक खेत में पकड़ लिया। उन्होंने उससे मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उन्होंने उसे अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बिहार का रहने वाला लड़का कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था और कुछ समय पहले वह फेसबुक के जरिए लड़की के संपर्क में आया था।

# पंचायत में दबंगों ने विधवा महिला और उसके बेटे को पीटा

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : इकोटेक-3 थाने क्षेत्र के एक गांव में पंचायत चल रही थी। पंचायत के दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए।

आरोप है कि दबंगों ने भरी पंचायत में मारपीट की। जिसमें कुछ युवकों को चोट आई है। बताया जा रहा है कि विधवा महिला के बेटों को दबंगों ने पीट दिया।

इकोटेक-3 थाना क्षेत्र में स्थित डेरीन गांव में जमीनी विवाद में डेरिन गांव में एक परिवार के लोगों में ही पंचायत हो रही थी। पंचायत में दबंगों ने विधवा महिला और उसके बेटे को पीट दिया। जिसके बाद हंगामा बढ़ गया। आरोप है कि दबंगों ने विधवा महिला के कपड़े फाड़ दिए। पुलिस ने मामले को शांत करवाया।

## तस्वा ने मुंबई में खोला अपना पहला मॉल स्टोर

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल लि. ने मशहूर डिजाइनर तरुण तहलियानी के साथ भागीदारी में मुंबई में तस्वा के पहले मॉल स्टोर को लॉन्च करने की घोषणा की है। अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मैं तस्वा के सफर का हिस्सा बनकर रोमांचित हूँ। ओबरॉय मॉल स्टोर के लॉन्च पर तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहलियानी ने कहा-मुंबई के ओबरॉय मॉल में अपने स्टोर के भव्य शुभारंभ के साथ अपनी सोच को साकार होते देखना सम्मानजनक है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 641.59 अरब डॉलर हुआ

**मुंबई,** (भाषा): पिछले तीन सप्ताह की गिरावट के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन मई को समाप्त सप्ताह में 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। तीन मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.46 अरब डॉलर बढ़कर 564.16 अरब डॉलर रही।



अक्षय तृतीया के अवसर पर पटना में गंगा तट पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

# लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे प्रेमी-प्रेमिका ने लगाई नदी में छलांग

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के नेशनल हाईवे- 91 पर हिंडन नदी के पुल से एक प्रेमी- प्रेमिका ने नदी में छलांग लगा दी। लोगों ने प्रेमिका को नदी से बाहर निकाल लिया, जबकि प्रेमी की नदी में डूबकर मौत हो गई।

थाना सेक्टर 63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि अंकित निषाद पुत्र शिवचरण निषाद उम्र 30 वर्ष तथा उसकी प्रेमिका रागिनी ने गुरुवार की रात को हिंडन नदी के पुल से आत्महत्या करने की नियत से नदी में छलांग लगा दी। जैसे ही दोनों ने छलांग लगाई वहां आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। लोगों ने रागिनी को सकुशल बाहर निकाल लिया, लेकिन अंकित नदी में डूब गया। उन्होंने बताया कि अंकित के शव को पुलिस ने बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवती नदी से बाहर निकलने के बाद कहीं चली गई है। मृतक के परिजनों को पुलिस ने घटना की सूचना दे दी है।


## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **उम्र** : करीब 45 साल, **कद** : 5'6", **रंग** : सांवला, **चेहरा**: गोल, **शरीर**: सामान्य, जिसने नीले रंग की टी–शर्ट और काले रंग का अण्डरवियर पहने हुए था, दिनांक 06.05.2024 को रेलवे ट्रैक पर, डाउन रेलवे लाइन, कि.मी. पोल नं. 06/10–12 के बीच, दया बस्ती, दिल्ली में रेल दुर्घटना में मृत पाया गया। इस संदर्भ में डीडी सं. 02 दिनांक 06.05.2024 धारा 174 Cr.P.C. थाना सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष : थाना सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**दूरभाष सं.: 011-23693611, 23691106, 9355065950, 08700724221**

DP/5550/RLY/24


## अर्ली इंटरवेशन सेंटर
### चाणक्यबाग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली - 21

1. पूरी तरह से संविदा के आधार पर शिक्षक (ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**(ए) आवश्यक**

(i) आरसीआई के साथ पंजीकृत ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट में स्नातक/स्नातकोत्तर डिप्लोमा।
(ii) ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट में न्यूनतम एक वर्ष का शिक्षण अनुभव।
(iii) कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान।
(iv) आयु सीमा 40 वर्ष, अत्यंत उपयुक्त व्यक्ति के मामले में छूट।

**(बी) वांछनीय:-** प्रारंभिक बचपन (चाइल्डहुड) शिक्षा में डिप्लोमा के साथ एक वर्ष की अवधि का नियमित मोंटेसरी/नर्सरी शिक्षक प्रशिक्षण प्रमाणपत्र (मान्यता प्राप्त) जैसी अतिरिक्त योग्यता वांछनीय है।

2. इच्छुक उम्मीदवार अपने अर्ली इंटरवेशन सेंटर चिल्ड्रन, चाण्क्यपुरी, नई दिल्ली भेजकर आवेदन कर सकते हैं, विकास में देरी वाले बच्चों के लिए ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट (ओटी) की तलाश है, प्रासंगिक अनुभव के साथ पोस्ट ग्रेजुएट/ ग्रेजुएट अपना सीवी chetna.nwwanr@gmail.com पर भेज सकते हैं। या +91 9871900119 पर व्हाट्सएप करें।

cbc- 10702/11/0009/2425

# प्राधिकरण ने 9 करोड़ रुपए की जमीन कराई कब्जा मुक्त

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : नोएडा प्राधिकरण की ओर से भू-माफियाओं के द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को लेकर सख्त है। शुक्रवार को प्राधिकरण की टीम ने 9 करोड़ रुपए की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। करीब 2 हजार वर्ग मीटर जमीन पर झुग्गी बनाकर कब्जा किया हुआ था। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित है। साथ ही प्राधिकरण की अधिग्रहीत जमीन है। प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया और जमीन को कब्जे में लिया।

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि बुधवार को सर्किल-10 की टीम जेसीबी और स्थानीय पुलिस बल के साथ सेक्टर 159 झटटा गांव पहुंची।दो हजार वर्ग मीटर जमीन पर भू माफियाओं ने झुग्गी बना रखा था। प्राधिकरण कर्मचारियों ने जेसीबी की मदद से अवैध कब्जे को ध्वस्त किया। इस जमीन का एरिया करीब 2000 वर्गमीटर है। इसकी कीमत करीब 5 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। वहीं वर्क सर्किल 6 की ओर एक हजार वर्ग मीटर जमीन कब्जा मुक्त कराई गई। जिसकी कीमत चार करोड़ है।बता दे प्राधिकरण लगातार अवैध निर्माण हटाने की कार्यवाही कर रहा है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **अमन सिंह** पुत्र कृपाल सिंह निवासी मकान नं. 236, गली नं. 3, भजनपुरा, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 809/215 धारा 279 / 338 भा.द.स.** थाना कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमन सिंह** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमन सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **अमन सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के **14.08.2024** को या उसके पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सयेशा चड्ढा**
**मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–08,**
**केंद्रीय जिला, कमरा नं. 272,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/5185/N/2024
(Court Notice)

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



चरण कौर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **चरण कौर पत्नी जसवंत सिंह निवासी म. नं. जे-228, सरदार कॉलोनी, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली,** अपने घर से **दिनांक 06.05.2024 दोपहर 02:30 बजे** से लापता हो गई है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं./डीडी नं. **49-ए, दिनांक 07.05.2024 को थाना के.एन. काटजू मार्ग, जिला रोहिणी, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस महिला का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

**लिंगः** स्त्री, **आयुः** 80 वर्ष, **कदः** 5' 2" फीट, **रंगः** सांवला, **चेहराः** गोल, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** नारंगी रंग की शर्ट, काले रंग की सलवार और गुलाबी रंग की चुन्नी और पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-

**थाना प्रभारी**
**थानाः केएन काटजू मार्ग, रोहिणी, दिल्ली**
**फोनः 011-27571171**
**मो. नं.: 8750870327**

**वेबसाइट: http://cbi.nic.in**
**ई-मेल: cic@cbi.gov.in**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**DP/5502/RD/2024**

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
## सामान्य प्रशासन विभाग
(समन्वय शाखा)
दिल्ली सचिवालय, आई. पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002

### सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-बी के उपबन्ध के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में किसी व्यापार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य प्रतिष्ठान/संस्थापना में कार्यरत तथा उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के पात्र प्रत्येक व्यक्ति को, मतदान के दिन, अवकाश दिया जाएगा ताकि वह लोकसभा आम चुनाव-2024/विधानसभा उप-निर्वाचन में अपने मत का प्रयोग कर सके।

| उत्तर प्रदेश | निर्वाचन क्षेत्रों के नाम | मतदान की तिथि |
|---|---|---|
| लोकसभा आम चुनाव-चतुर्थ चरण | लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र- शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा , सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नोज, कानपुर, अकबरपुर एवं बहराइच। | 13 मई 2024 (सोमवार) |
| विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का उप-निर्वाचन | विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र- ददरौल (136) | 13 मई 2024 (सोमवार) |

उक्त अवकाश के कारण कोई भी वेतन काटा या रोका नहीं जाएगा और यदि कोई व्यक्ति ऐसे आधार पर नियुक्त है कि उसे ऐसे दिन के लिए सामान्यत: कोई वेतन प्राप्त नहीं होगा, तब भी उसे उतना ही वेतन प्राप्त होगा जैसे उस दिन उसे कोई अवकाश नहीं दिया गया था। दैनिक वेतन/आकस्मिक कामगार भी जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-बी के अनुसार मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश क पात्र होंगे। तथापि, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम,1951 की धारा 135-बी के अनुसार ये धारा उन मतदाताओं पर लागू नहीं होगी जिसकी अनुपस्थिति के कारण उस रोजगार को संकट या भारी हानि हो सकती है, जिसमें वह कार्यरत है।

उक्त उपबंधों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-ख (3) के उपबंधो के अनुसार दंडनीय है।

**हस्ता./- प्रदीप तायल**
**उप-सचिव (सा.प्र.वि./समन्वय)**

DIP/Shabdarth/Classified/0053/24-25


## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 11 May, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026

premastrologer premastrologer premastrologer askpremastrologer




**मेष** ARIES ( 21 मार्च– 20 अप्रैल)
मौसम में बदलाव से आप बीमार हो सकते हैं। आपको पैसे का इस्तेमाल समझदारी से करना होगा। काम में गलतियां होंगी, इसलिए आप अलर्ट रहें। आप अपनी कोशिशों से पैरेंट्स की हेल्प करेंगे। मैरीड लाइफ पर ध्यान देने की जरुरत हैं।
**लकी नंबर : 1, लकी कलर : पिंक**

**वृषभ** TAURUS ( 21 अप्रैल – 20 मई)
मेडिटेशन करें, आप टेंशन फ्री रह पाएंगे। मनी फ्रंट पर आप किसी पर भरोसा ना करें। ऑफिस में बहस होने पर मूड खराब हो जाएगा। कुछ लोग प्रॉपर्टी खरीदने के लास्ट फेज में होंगे। **लकी नंबर : 11, लकी कलर : सिल्वर**

**मिथुन** GEMINI ( 21 मई – 21 जून )
एक्सरसाइज रूटीन से आप फिट रह पाएंगे। अपनी स्किल्स से आप सीनियर्स की नजरों में आएंगे। घरेलू मोर्चे पर आपकी भागीदारी की सराहना होगी। कुछ लोगों को मनचाहा घर मिल सकता है। **लकी नंबर : 2, लकी कलर : क्रीम**

**कर्क** CANCER (22 जून – 22 जुलाई)
कसरत के जरिए आप स्वस्थ रह पाएंगे। गट फीलिंग के हिसाब से ही निवेश करें। वर्क प्लेस पर कॉम्पिटिशन को मैनेज कर पाएंगे। आप किसी पर्यटन स्थल पर जल्द ही जा पाएंगे। **लकी नंबर : 5, लकी कलर : ग्रीन**

**सिंह** LEO (23जुलाई –23 अगस्त)
परिवार के लिए समय निकालना कठिन रहेगा। दवा लेने में लापरवाही ना करें, वरना बीमारी लंबी चलेगी। लोन चुकाने का रास्ता आप तलाश ही लेंगे। ऑफिस में काम को लेकर बहस ना करें। प्रॉपर्टी के रख–रखाव के लिए आप पैसे बचा लेंगे। **लकी नंबर : 2, कलर : येलो**

**कन्या** VIRGO ( 24 अगस्त – 23 सितंबर)
बीमारी को ठीक करने के लिए नया ट्रीटमेंट लेंगे। अर्निंग बढ़ाने के लिए नए तरीके खोजने होंगे। पेशेवर स्तर पर काम आपके मनमुताबिक होगा। फैमिली फंक्शन में आप खुद को अलग–थलग फील करें। कुछ लोग किसी से मिलने विदेश जा सकते हैं। **लकी नंबर : 7, लकी कलर : पर्पल**

**तुला** LIBRA ( 24 सितंबर – 23 अक्टूबर)
आपकी सेहत में सुधार की उम्मीद है। यह समय नया बिजनेस शुरू करने के लिए अच्छा है। घर में आपके डिसीजन से पॉजिटिव चेंज आएगा। संपत्ति से जुड़ा पेंडिंग पेपरवर्क पूरा हो जाएगा।
**लकी नंबर : 4, लकी कलर : सैफ्रॉन**

**वृश्चिक** SCORPIO (24 अक्टूबर– 22 नवंबर)
बाहर का खाना खाते हुए हाइजीन का ध्यान रखें। ट्रैवल बिजनेस वालों की कंडीशन अच्छी हो जाएगी। आज आप दोस्तों के साथ आउटिंग पर जाएंगे। कोई स्मॉल ट्रैवल, किसी वजह से लंबा हो सकता है।
**लकी नंबर : 8, लकी कलर : नेवी ब्लू**

**धनु** SAGITTARIUS (23 नवंबर– 21 दिसंबर)
रेग्युलर वर्कआउट से आपकी हेल्थ अच्छी रहेगी। फाइनेंशियली आपको कोई चैलेंज फेस करना होगा। फैमिली में सबकुछ अच्छा रहने वाला है। कुछ लोग छुट्टियों पर जाएंगे।
**लकी नंबर : 7, लकी कलर : ब्राउन**

**मकर** CAPRICORN (22 दिसंबर – 21 जनवरी)
स्वास्थ्य को लेकर कोई लापरवाही ना करें। उधार दिया कुछ पैसा आपको मिल जाएगा। बॉस आपकी स्किल्स को एप्रीशिएट करेंगे। कुछ लोग किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। **लकी नंबर : 3, लकी कलर : येलो**

**कुंभ** AQUARIUS (22 जनवरी–19 फरवरी)
हेल्थ प्रॉब्लम पर नजर रखने की जरूरत है। आप ऑफिस में सबके साथ मिलकर काम करेंगे। होम फ्रंट पर भी कुछ बदलाव हो सकते हैं। किसी करीबी से मिलने की प्लानिंग करेंगे। प्लॉट खरीदने के लिए आज का दिन बेस्ट है।
**लकी नंबर : 8, लकी कलर : व्हाइट**

**मीन** PISCES ( 20 फरवरी– 20 मार्च)
वापस शेप में आने के लिए हार्डवर्क करना होगा। आपको आपका पैसा जल्द ही मिल जाएगा। प्रोजेक्ट को सफल बनाने में बहुत मेहनत करनी होगी। मनचाही स्टडी फील्ड में आपको पहचान मिलेगी। आज शादीशुदा लाइफ खुशहाल बनी रहेगी। **लकी नंबर : 17, लकी कलर : पीच**

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्

भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




# संदेशखाली : कौन सच्चा, कौन झूठा

**पश्चिम** बंगाल के बहुचर्चित संदेशखाली मामले पर उठा राजनीतिक तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा। संदेशखाली का पूरा घटनाक्रम एक हॉरर शो की तरह सामने आया। इसी वर्ष 5 जनवरी को तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के घर छापामारी करने गई ईडी की टीम पर पार्टी समर्थकों ने हमला कर दिया था। उसके बाद एक के बाद एक खौफनाक कहानियां सामने आती गईं। शाहजहां शेख और उसके दो ताकतवर सहयोगियों के कथित अत्याचारों और यौन उत्पीड़न के खिलाफ गांव की महिलाओं के विरोध के चलते कालिंदी नदी के किनारे बसा यह गांव देशभर में कुख्यात हो गया। संदेशखाली कांड लोकसभा चुनावों के दौरान कोलकाता से दिल्ली तक राजनीतिक मुद्दा बन गया। बलात्कार या महिलाओं को जबरन उठाने संबंधी कहानियां सामने आने के बाद ऐसा आभास कराया गया जैसे आजादी से पूर्व जागीरदार लोगों के साथ अत्याचार ढाते थे वैसा ही आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के बाद भी पश्चिम बंगाल की धरती पर हो रहा है। दो तरह के मामले सामने आए। पहला गांव की जमीनों पर जबरन कब्जे का और दूसरा महिलाओं के यौन उत्पीड़न का। न्यायपालिका ने भी इन घटनाओं को शर्मनाक बताया और पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा।

पश्चिम बंगाल की पुलिस ने 55 दिनों की भागदौड़ के बाद शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर सीबीआई के हाथों में सौंप दिया। अब इस मामले ने यूटर्न ले लिया है। शाहजहां शेख पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली तीन महिलाओं में से दो ने अपनी शिकायत वापिस ले ली है। इन महिलाओं का कहना है कि भाजपा के एक स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए, बाद में इसे तृणमूल नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतों के रूप में पेश किया गया है। इन दो महिलाओं ने दावा किया है कि उनका यौन उत्पीड़न नहीं हुआ और न ही उन्हें किसी ने रात के अंधेरे में शाहजहां शेख और उनके साथियों के घर जाने के लिए दबाव बनाया। हाल ही में एक स्टिंग आपरेशन ने सारे मामले में नाटकीय मोड़ ला दिया है। जो वीडियो वायरल हुआ उसमें संदेशखाली में भाजपा मंडल अध्यक्ष गंगाधर कयाल होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी ने उनसे और अन्य भाजपा नेताओं से कहा था कि क्षेत्र की तीन-चार स्थानीय महिलाओं को शाहजहां शेख सहित तीन टीएमसी नेताओं के खिलाफ बलात्कार के आरोप लगाने के लिए उकसाएं। यानि सारी साजिश शुभेन्दु अधिकारी ने ही रची थी। शुभेन्दु अधिकारी और भाजपा दोनों ने वीडियो को फर्जी करार दिया है और भाजपा का कहना है कि यह स्टिंग आपरेशन फर्जी है और संदेह है कि इसे एआई का उपयोग करके बनाया गया है।

> **अब सवाल यह है कि इस पूरे मामले में कौन सच्चा है और कौन झूठा। क्या संदेशखाली मामला एक बड़ी साजिश है और बंगाल की सरकार को अस्थिर करने का कोई खेल है? तृणमूल ने भाजपा के आरोपों को बंगाल की महिला अस्मिता पर प्रहार करार दिया है। वीडियो में यह भी दावा किया गया है कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए महिलाओं को धन भी दिया गया। चुनावों के दौरान हर पार्टी अपने-अपने हथकंडे इस्तेमाल करने में लगी हुई है। आज की राजनीति में मूल्यों और नैतिकता तथा सिद्धांतों की कोई जगह नहीं बची है। हर कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल एक-दूसरे को बदनाम करने के लिए कर रहा है।**

दूसरी तरफ तृणमूल इस पूरे प्रकरण के लिए भाजपा पर ममता सरकार को बदनाम करने की साजिश रचने का आरोप लगा रही है। तृणमूल इस मामले को लेकर निर्वाचन आयोग पहुंच चुकी है और निर्वाचन आयोग ने शुभेन्दु अधिकारी और अन्य पर शिकायत भी दर्ज करा दी है। तृणमूल ने भाजपा मंडल अध्यक्ष गंगाधर कयाल और बशीरहाट सीट से भाजपा प्रत्याशी रेखा पात्रा के खिलाफ पुलिस में भी मामला दर्ज करा दिया है। अब सवाल यह है कि महिलाओं द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतें झूठी हैं या वायरल वीडियो सच्चा है या झूठा। संदेशखाली की पांच महिलाओं समेत हिंसा के शिकार 11 पीड़ितों ने कुछ समय पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी और अपना दुख-दर्द बयान किया था।

अब सवाल यह है कि इस पूरे मामले में कौन सच्चा है और कौन झूठा। क्या संदेशखाली मामला एक बड़ी साजिश है और बंगाल की सरकार को अस्थिर करने का कोई खेल है? तृणमूल ने भाजपा के आरोपों को बंगाल की महिला अस्मिता पर प्रहार करार दिया है। वीडियो में यह भी दावा किया गया है कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए महिलाओं को धन भी दिया गया। चुनावों के दौरान हर पार्टी अपने-अपने हथकंडे इस्तेमाल करने में लगी हुई है। आज की राजनीति में मूल्यों और नैतिकता तथा सिद्धांतों की कोई जगह नहीं बची है। हर कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल एक-दूसरे को बदनाम करने के लिए कर रहा है। ऐसे में चुनाव आयोग का दायित्व बनता है कि वह दूध का दूध और पानी का पानी करे। हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह के फेक वीडियो के बाद चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों निर्देश दिया था कि वे अपने सोशल मीडिया खातों से फर्जी कंटेंट को संज्ञान में आने के तीन घंटे के भीतर हटा दें।

निर्वाचन आयोग ने सूचनाओं को विकृत करने या गलत सूचना का प्रचार करने वाले 'डीपफेक' बनाने के लिए आर्टिफियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर राजनीतिक दलों को चेतावनी दी और चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि चुनाव प्रचार के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते समय राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों द्वारा आचार संहिता के कुछ उल्लंघन और मौजूदा कानूनी प्रावधानों का संज्ञान लेते हुए आयोग ने आज सोशल मीडिया के जिम्मेदार एवं नैतिक उपयोग के लिए राजनीतिक दलों को निर्देश जारी किए हैं।

निर्वाचन आयोग को अब इस मामले में वायरल वीडियो को परखना होगा कि क्या यह सही है या फर्जी। अगर सही है तो भाजपा नेताओं की जवाबदेही तय करनी होगी और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की सिफारिश करनी होगी। अगर यह फर्जी है तो इसे बनाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**

Adityachopra@punjabkesari.com

## कैसे नेता जी का दिव्यास्त्र उन्हीं को...

समस्त देश लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है,
तो वहीं एक राज्य में निर्दलीय विधायकों पर चढ़ा सरकार गिराने का बुखार है,
इस सत्ता के बनते बिगड़ते गणित में आलाकमान दिख रहा लाचार है,
कैसे नेता जी का दिव्यास्त्र उन्हीं को घायल करने को बेकरार है..!


गीता पाढा

# क्या भाजपा की बी टीम बन गई है बसपा?


ताक-झांक
आर.आर. जैरथ

**भाजपा** पर लगातार तीखे हमले कर रहे अपने भतीजे और राजनीतिक उत्तराधिकारी आकाश आनंद को बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। हालांकि इस सारी कवायद से पहले ही यूपी में लोगों तक यह संदेश पहुंच गया था कि वह गुप्त रूप से राज्य में भाजपा की मदद कर रही हैं। यह अटकलें तब शुरू हुईं जब उन्होंने अचानक राज्यभर में कम से कम आठ लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों को बदल दिया और समाजवादी पार्टी या कांग्रेस के उम्मीदवारों के समान जाति वाले उम्मीदवारों को मैदान में उतारा ताकि इन दोनों दलों को नुक्सान पहुंचाया जा सके। आखिरी मिनट में हुए बदलावों को उन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों की मदद करने के प्रयास के रूप में देखा गया। उन्होंने ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दिये जो समाजवादी पार्टी के वोट काट सकें।



इस राजनीतिक घटनाक्रम में सबसे चौंकाने वाला बदलाव जौनपुर में हुआ, जहां बसपा ने जेल में बंद बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला को उम्मीदवार बनाया था। उन्हें एक विजयी उम्मीदवार माना जा रहा था, लेकिन बाद में उनकी जगह एक यादव को उम्मीदवार बनाया गया, जिससे सपा के यादव वोटों में कटौती हो सके। जौनपुर में यादव समुदाय का दबदबा है। सीतापुर में एक रैली में भाजपा पर हमला करने के बाद आनंद को पार्टी से बाहर करने का उनका निर्णय पुष्टि करता है कि उन्होंने अपनी पार्टी को भाजपा की बी-टीम में बदल दिया है।

### आखिर पित्रोदा से कांग्रेस ने पीछा छुड़ाया

गांधी परिवार के विवादास्पद मित्र सैम पित्रोदा का अपनी पार्टी को मुश्किल में डालने का एक लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले एक टेलीविजन साक्षात्कार में यह कहकर तूफान खड़ा कर दिया था कि गरीबों के लिए न्यूनतम आय की गारंटी के लिए मध्यम वर्ग को अधिक कर देना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया था कि 'स्वार्थी' नहीं होना चाहिए। लगभग उसी समय एक अन्य साक्षात्कार में, उन्होंने 1984 के सिख विरोधी दंगों को कम महत्व दिया। पित्रोदा ने तब कहा था कि जो हुआ सो हुआ। पित्रोदा ने उस समय कहा था कि भाजपा ने पांच साल में क्या काम किया। 2019 में वह विवादों में घिरने से बच गये थे, क्योंकि बालाकोट हमला पुलवामा आतंकवादी हमले के प्रतिशोध में हुआ था। और यह चुनाव राष्ट्रवाद के मुद्दे पर लड़ा गया जिससे भाजपा को बहुमत मिल गया। इस बार पित्रोदा उतने भाग्यशाली नहीं रहे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के लिए 2024 के अभियान में कांग्रेस पर तीखे हमले बोले और पित्रोदा की टिप्पणियों को चर्चा के मुख्य केंद्र में ला दिया। पित्रोदा ने सबसे पहले विरासत कर के बारे में बात की और फिर उन्होंने जातीय विशेषताओं और त्वचा के रंग के आधार पर देश के विभिन्न हिस्सों में भारतीयों के बीच तुलना करके कांग्रेस को बैकफुट पर लाने का काम किया। इसके बाद पीएम मोदी ने उन्हें 'नस्लवादी' कहा और उनके साथ जुड़ने के लिए राहुल गांधी पर तंज कसा। यहां तक कि गांधी परिवार को भी एहसास हुआ कि पित्रोदा अत्याधिक व्यस्त चुनाव में पार्टी को नुक्सान पहुंचा रहे हैं और इसके बाद उनसे इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा मांगा गया। हालांकि कांग्रेस हलकों में ऐसी अटकलें हैं कि पित्रोदा का इस्तीफा चुनाव की अवधि के लिए एक रणनीतिक कदम है और चुनाव के बाद पित्रोदा फिर से आईओसी के प्रमुख बन सकते हैं।

### डेनमार्क के राजदूत स्वेन के पोस्ट के मायने क्या हैं ?

भारत में डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन ने एक्स पर एक हालिया पोस्ट से हलचल मचा दी है जिसमें उन्होंने संभ्रांत चाणक्यपुरी क्षेत्र में अपने दूतावास के पीछे बढ़ते कूड़े के ढेर के बारे में एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें दूतावास की दीवार के पास कूड़े के ढेर दिख रहे हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि बड़ी हरी-भरी और गंदगी भरी नई दिल्ली में आपका स्वागत है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इसे हटाने की अपील भी की। उनका यह तरीका कई भारतीयों को पसंद नहीं आया और उन्होंने इसकी बहुत आलोचना की। कई भारतीयों ने पश्चिम देशों पर भारत की छवि खराब करने पर तुले होने का आरोप लगाया। एक अन्य उपयोगकर्ता ने जानना चाहा कि क्या उन्हें विदेश मंत्रालय द्वारा बुलाया गया था और भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए डांटा गया था। अब सवाल यह है कि क्या वह वहां सफाई होने के बाद धन्यवाद का फॉलोअप वीडियो पोस्ट करेंगे।



विडंबना यह है कि स्वेन को भारत में तैनात मोदी के पसंदीदा राजनयिकों में से एक माना जाता है। बेशक उस क्षेत्र में सफाई का दायित्व एनडीएमसी के पास है और उसने त्वरित कार्रवाई की। इसका कोई राजनीति महत्व भी है या स्वेन की टिप्पणी को केवल सफाई के महत्व के तौर पर ही देखा जाए।

# मंदिर की धुलाई : नफा या नुकसान


राहिल नोरा चोपड़ा

**समाजवादी** पार्टी प्रमुख और कन्नौज लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार अखिलेश यादव 6 मई को पूजा-अर्चना करने और भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए सिद्धपीठ बाबा गौरी शंकर महादेव मंदिर गए थे। इसके बाद, भाजपा कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर मंदिर को पवित्र गंगा जल से धोया। जबकि मंदिर के पुजारी मथुरा प्रसाद ने कहा कि मंदिर परिसर की धुलाई भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई थी और इस घटना से मंदिर समिति का कोई लेना-देना नहीं है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए, अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा, "पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) इस बार उन्हें (बीजेपी को) धोने जा रही है। उन्होंने कहा, चुनाव में आसन्न हार को देखकर बीजेपी के लोग ऐसी ओछी हरकतें कर रहे हैं।



### मयावती के कैंडिडेट बदलने का किसको फायदा

बहुजन समाज पार्टी ने जौनपुर और बस्ती लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों को बदल दिया है। पार्टी ने जौनपुर में गैंगस्टर-राजनेता धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला के स्थान पर अपने मौजूदा पार्टी सांसद श्याम सिंह यादव को टिकट दिया है। इस बदलाव को जमानत पर जेल से बाहर आए धनंजय सिंह के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। चूंकि अब बसपा के टिकट पर श्याम सिंह यादव मैदान में हैं, ऐसे में वह सपा के यादव वोट में सेंध लगाएंगे और इससे भाजपा की जीत की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। अब जबकि धनंजय सिंह की पत्नी मैदान में नहीं हैं तो राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि इससे न केवल जौनपुर में भाजपा की संभावनाएं उज्ज्वल हो गई हैं, बल्कि बगल के मछलीशहर कांस्टीट्वेंसी पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। वहीं, बस्ती में बसपा ने दयानशंकर मिश्र की जगह लवकुश पटेल को उम्मीदवार बनाया है। टिकट नहीं मिलने पर मिश्रा ने पिछले महीने भाजपा छोड़ दी थी और बाद में वह बसपा में शामिल हो गए थे।



### टीडीपी-जनसेना के वादों की झड़ी

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि 13 मई को 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए एक साथ होने वाले चुनाव केवल विधायकों या सांसदों को चुनने के लिए नहीं है, बल्कि यह चुनाव मौजूदा योजनाओं को मजबूत करके राज्य के भविष्य को आकार देने का भी है। दूसरी ओर, टीडीपी और जन सेना ने तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस की गारंटी की तर्ज पर सुपर सिक्स लॉन्च किया है।

'सुपर सिक्स' में जनता से जो वादे किए गए हैं, उनमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, हर साल गरीबों को मुफ्त में तीन एलपीजी सिलेंडर, प्रत्येक गरीब परिवार में 18 वर्ष से अधिक उम्र की प्रत्येक लड़की के लिए 1500 रुपए की दर से 18,000 रुपए प्रति वर्ष की बालिका निधि, 3000 रुपए का मासिक बेरोजगारी भत्ता, मुफ्त जल कनेक्शन और प्रत्येक बच्चे को 15,000 रुपए की वार्षिक शैक्षिक सहायता शामिल है। उनके घोषणापत्र में मुसलमानों के लिए हज भत्ते के रूप में 1 लाख रुपए, मौलवियों को मासिक मानदेय और ईसाइयों को यरूशलम जाने के लिए भत्ता भी दिया गया है। यह सब तब है जब, उनकी सहयोगी भाजपा ने प्रतिद्वंद्वी सरकारों द्वारा मुफ्त योजनाओं के रूप में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का मजाक उड़ाया है।



### कांग्रेस के गढ़ में प्रियंका का डेरा



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली में राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित भुएमऊ गेस्ट हाउस में डेरा डालने का फैसला किया है। वह 6 मई को यहां पहुंची थीं और 20 मई को 5वें चरण के चुनाव से पहले चुनाव प्रचार के आखिरी दिन यानी 18 मई तक यहां रहेंगी और रायबरेली और अमेठी से गांधी परिवार के संबंधों की दुहाई देते हुए रायबरेली से अपने भाई राहुल और अमेठी से पार्टी के उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा को जिताने के पार्टी के प्रयासों का नेतृत्व करेंगी। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने 8 मई को रायबरेली में 25 नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया और मोदी सरकार पर ऐसे समय में अरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये के ऋण माफ करने का आरोप लगाया, जब उत्तर प्रदेश में किसान आत्महत्या कर रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य शीर्ष नेताओं के भी दोनों सीटों पर प्रचार करने की उम्मीद है। पार्टी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को रायबरेली के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है, जहां से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अमेठी में वरिष्ठ पर्यवेक्षक होंगे, जहां से परिवार के वफादार किशोरी लाल शर्मा ताल ठोंक रहे हैं।

### अब लवली के लिए नया उपनाम

दिल्ली में शहर की सबसे चर्चित खबर यह है कि अरविंदर सिंह लवली, जो अब 'पलटू राम' के उपनाम से मशहूर हो गए हैं, 4 मई को आप के साथ गठबंधन का हवाला देते हुए दिल्ली कांग्रेस प्रमुख के पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हो गए हैं। इससे पहले भी वह अप्रैल 2017 में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे। हालांकि, कुछ ही महीनों के बाद 2018 में वह वापस कांग्रेस में लौट आए थे। दूसरी ओर कांग्रेस ने देवेंद्र यादव को पार्टी का अंतरिम दिल्ली प्रमुख नियुक्त किया है।

यादव ने पार्टी छोड़ने पर लवली की आलोचना की "मैं अरविंदर सिंह लवली को अवसरवादी व्यक्ति की श्रेणी में रखता हूं। यह पहली बार नहीं है कि उन्होंने कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है।'' जबकि लवली ने दावा किया कि दिल्ली में चार सीटों पर प्रचार कर रही आप कांग्रेस और उसके नेताओं के नाम का भी इस्तेमाल नहीं कर रही है, फिर भी वह पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के वोट पाने की उम्मीद कर रही है। भाजपा में शामिल होने के लिए लवली की प्रमुखता स्पष्ट है, क्योंकि वह दिल्ली में चुनावों के लिए भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों में से एक हैं।



# देश की कमान मजबूत हाथों में होनी चाहिए

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगाह किया है कि संघर्षों, सत्ता केंद्रों में बदलाव और तेज होती प्रतिस्पर्धा के कारण इस दशक में दुनिया में 'बहुत अधिक उथल-पुथल' होगी और ऐसे में बहुत जरूरी है कि देश की कमान मजबूत हाथों में हो। जयशंकर ने गुरुवार शाम को दिए विशेष साक्षात्कार में 2020 के दशक के अंत तक एक ऐसी दुनिया की तस्वीर चित्रित की जो हमारे आज के संसार से बिल्कुल अलग होगी। वैश्विक शक्ति संतुलन के इस आकलन में उन्होंने कूटनीति और राजनीति में अपने लगभग 50 वर्ष के अनुभव के आधार पर कुछ चिंतित करने वाले तथ्य पेश किए।

चीन और अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके जयशंकर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2019 में राजनीति में लेकर आए थे। जयशंकर ने कहा, ''कई सारे संघर्ष, तनाव, विभाजन! इन सभी पहलुओं के साथ जो मैं आपके सामने रख रहा हूं,... मैं वास्तव में, इस दशक की शेष अवधि में बहुत अधिक उथल-पुथल वाले अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य की तस्वीर पेश कर रहा हूं।'' विदेश मंत्री ने इस 'उथल-पुथल' की भविष्यवाणी के लिए विशेष रूप से अमेरिका के घटते दबदबे, यूक्रेन में युद्ध, गाजा में संघर्ष, लाल सागर में हमले, दक्षिण चीन सागर में तनाव, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में आतंकवाद की चुनौती और नई प्रौद्योगिकियों के आविर्भाव को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा-मेरा मानना है कि आज ये सभी घटनाक्रम मिलकर एक जबदरस्त उथल-पुथल की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं और इन सबसे ऊपर प्रतिस्पर्धा भी तेज हो रही है। इस संदर्भ में विदेश मंत्री ने कहा-ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि लोकसभा चुनाव में मतदाता विवेकपूर्ण तरीके से चुनाव करें ताकि भारत में एक मजबूत, स्थिर और परिपक्व नेतृत्व कायम रहे।



राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को बनाए रखने की पैरवी करते हुए उन्होंने कहा-मेरे हिसाब से, आज के हालात में भारतीय मतदाताओं को जो सबसे बड़ा चुनाव करना है- वह ये है कि आप भारत सरकार की कमान सौंपने के लिए किस पर भरोसा करेंगे? अपने राजनयिक अनुभव से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और मोदी सरकार की साख बढ़ाने के लिए देश में लोकप्रिय जयशंकर ने संकेत दिया कि दुनिया में यह उथल-पुथल पहले से ही शुरू हो चुकी है।

# वरुण और चित्रा संग विज के वायरल वीडियो पर अटकलें

**अम्बाला,** (पंजाब केसरी) : अम्बाला लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार वरुण चौधरी और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री चित्रा सरवारा संग हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री और अम्बाला छावनी के विधायक अनिल विज का वायरल वीडियो बीती शाम से ना केवल चर्चा का विषय बना हुआ है बल्कि राजनीतिक पंडितों ने इस पर अटकलें भी लगानी शुरू कर दी हैं। यह वायरल वीडियो अम्बाला छावनी में निकलसन रोड स्थित भाजपा कार्यालय के निकट का बताया जा रहा है। इस वायरल वीडियो में चित्रा सरवारा यह कहती हुई सुनाई दे रही हैं कि उनके अभी तीन प्रोग्राम हैं तो इसके जवाब में अनिल विज यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि यह भी प्रोग्राम है। इसके बाद जलपान का सिलसिला शुरू होकर इन दिनों पड़ रही भयंकर गर्मी के कारण स्कूलों की होने वाली छुट्टियों का जिक्र करते हुए इस बात पर भी चर्चा होती सुनाई दे रही है कि भीषण गर्मी के चलते चुनाव भी दो महीने बाद होने चाहिए थे। इसी बीच वहां मौजूद एक समर्थक यह कहते हुए भी सुनाई दे रहा है कि अभी थोड़ी देर पहले ही आपका जिक्र हो रहा था और आप आ भी गए। इन तीनो नेताओं के बीच हंसी खुशी के माहौल में बातचीत होते हुए दिखाई और सुनाई दे रही है हालांकि पूर्व गृह मंत्री अनिल विज के समर्थक इसे एक शिष्टाचार भेंट बता रहे हैं। लेकिन राजनीतिक पंडित इसे आपदा में अवसर मानकर तरह तरह से अटकलें लगा रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक वरुण चौधरी अम्बाला छावनी में चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री चित्रा सरवारा के साथ प्रोग्राम में जा रहे थे कि इसी बीच निकलसन रोड से जब उनकी कारों का काफिला गुजरा तो भाजपा कार्यालय के निकट उनकी मुलाकात वहां मौजूद पूर्व गृह मंत्री अनिल विज से हो गई।



# हमीरपुर के लोग मेरी ताक़त, हर पल दिया साथ : सुक्खू

**शिमला/हमीरपुर,** विक्रान्त सूद (पंजाब केसरी) : हमीरपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायज़ादा ने आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की उपस्थित में अपना नामांकन दाखिल किया। इसके बाद हमीरपुर पुलिस लाइन ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर के लोग मेरी ताक़त हैं और यहां के लोगों ने मेरा हर पल साथ दिया है। आज मैं जिस मुक़ाम पर पहुँचा हूँ, उसके लिए हमीरपुर और नादौन की जनता का जीवन भर आभारी रहूँगा। उन्होंने कहा कि लोगों का विश्वास मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आप सभी के आशीर्वाद से आज एक साधारण परिवार से निकलकर मैं मुख्यमंत्री बना हूँ। उन्होंने कहा कि अपने नेता पर विश्वास करने के लिए आज मैं सबको धन्यवाद देता हूँ।


● कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायज़ादा ने हमीरपुर लोकसभा सीट से किया नामांकन

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर हमीरपुर जिला की अनदेखी का आरोप लगाते हुए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार में हमीरपुर जिला से जानबूझकर कर एक भी मंत्री नहीं बनाया गया। जिस जिला को मुख्यमंत्री के साथ-साथ मंत्री पद मिलता था, उस जिला को पिछली सरकार में कोई जगह नहीं दी गई। उन्होंने पूछा कि जयराम ठाकुर ने पांच साल में हमीरपुर जिला के लिए क्या किया। पंद्रह साल पहले मुख्यमंत्री रहते प्रेम कुमार धूमल ने हमीरपुर में बस अड्डे का शिलान्यास किया था और जयराम ठाकुर ने बस अड्डा बनाने के लिए एक पैसा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मेरे मुख्यमंत्री का पद सँभालते ही युद्ध स्तर पर बस अड्डा बनाने का काम शुरू हो गया है जो आने वाले नौ महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही गांधी चौक की तारों को अंडरग्राउंड करने का काम भी शुरू हो गया है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।



# डायबिटीज में फल खा सकते है

जामुन को भी डायबिटीज के मरीज बेफिक्र होकर का सकते हैं। इसमें 82 फीसदी पानी पाया जाता है। साथ ही इसमें सुक्रोज की मात्रा भी कम होती है, जो ब्लड शुगर स्पाइक नहीं होने देता है।

**नाशपाती**

विटामिन सी, ई और के युक्त नाशपाती भी डायबिटीज के मरीज खा सकते हैं। इसमें कैल्शियम, आयरन, पौटेशियम, मैग्नीशियम और बीटा कैरोटीन के अलावा फाइबर की भी अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो डायबिटीज के मरीजों के लिए अच्छा होता है।



डॉ. अशोक झिंगन

**सेब**

सेब खाना डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद माना जा सकता है। नियमित रूप से सेब खाने से इंसुलिन रजिस्टेंस को कम करने में मदद मिलती है, इससे ब्लड शुगर का स्तर कम हो सकता है। सेब में पॉलीफेनोल्स होते हैं, जो आपके पैंक्रियाज को इंसुलिन रिलीज करने के लिए स्टिम्युलेट करते हैं और आपकी कोशिकाओं को शुगर लेने में मदद करते हैं।

फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर सेब भी डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद है।

**किवी**

कीवी फल डायबिटीज के रोगियों के लिए फायदेमंद है। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स 49 होने की वजह से यह डायबिटीज के लिए अच्छा है। इसे खाने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने में मदद मिलती। फाइबर शरीर में शुगर के अवशोषण को धीमा करने में मदद करता है। इसमें विटामिन सी काफी मात्रा में होता है, जो ब्लड प्रेशर को भी नियंत्रित करने में मदद करता है। डायबिटीज के पेशेंट रोज एक कीवी खा सकते हैं।

**संतरा**

संतरा को डायबिटीज में लाभकारी माना जाता है। संतरा में फाइबर, विटामिन सी और फोलेट की भरपूर मात्रा होती है। फाइबर ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद करता है, जबकि विटामिन सी इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने का काम करता है। फोलेट इंसुलिन प्रोडक्शन को रेगुलेट करने में मदद कर सकता है। शुगर के मरीज रोज एक संतरा खा सकते हैं।

**अवोकोडों**

एवोकाडो पोषक तत्वों से भरपूर फल हो जाता है, जिसका सेवन करना सेहत के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। एवोकाडो में हेल्दी अनसेचुरेटेड फैटी एसिड, फाइबर भरपूर मात्रा में होता है। ये सभी पोषक तत्व खाने के बाद ब्लड ग्लूकोज और इंसुलिन कंसंट्रेशन में सुधार करते हैं। कम मात्रा में एवोकाडो का सेवन सेफ माना जाता है।

**आम**

आम में जीआई 51 है, इसलिए आम उन खाद्य पदार्थों के समूह में है जो मधुमेह वाले लोगों के लिए सुरक्षित हैं।

आम में फाइबर, कैल्शियम और पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है। इसकी उच्च फाइबर सामग्री इसे मधुमेह के रोगियों के लिए भी सुरक्षित विकल्प बनाती है। चूंकि आम का glycemic inde& कम होता है, इसलिए मधुमेह वाले लोगों को इसे नियमित रूप से खाना चाहिए।

# गर्मी के कारण बेहोशी चक्कर आने पर करें ये काम

देश के अधिकतर राज्य इन दिनों भीषण गर्मी-लू की चपेट में हैं। बढ़ते तापमान को स्वास्थ्य विशेषज्ञ सेहत के लिए काफी हानिकारक मानते हैं। गर्मी-लू के कारण ब्लड प्रेशर लो होने के साथ, हृदय गति में परिवर्तन, बेहोशी-चक्कर आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

गर्मी और तेज धूप की चपेट में आने के कारण आपने भी कई लोगों में बेहोशी और चक्कर आने जैसे मामलों के बारे में जरूर सुना और देखा होगा। अक्सर ऐसे लोगों को समय पर सही उपचार नहीं मिल पाता है जिसके कारण सेहत के और खराब होने का खतरा हो सकता है।

भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इन्हीं बातों को ध्यान रखते हुए हीटवेव से निपटने के लिए जरूरी दिशानिर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा यदि आपको या किसी को धूप लगने के कारण चक्कर आ रहा है तो उन्हें कुछ प्राथमिक चिकित्सा दी जानी चाहिए, जिससे लक्षणों को बिगड़ने से बचाया जा सके। हालांकि बेहोशी की स्थिति में कुछ चीजें करने से सेहत को नुकसान भी हो सकता है। आइए इस बारे में जानते हैं।

**गर्मी के कारण बेहोशी-चक्कर आने पर क्या करें?**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक्स पर किए एक पोस्ट में बताया गर्मी के कारण बेहोशी-चक्कर आने जैसी दिक्कत महसूस हो रही है तो सबसे पहले शरीर को निर्जलीकरण की समस्या से बचाने के लिए पानी पिलाएं। संभव हो तो कपड़े उतार दें और तुरंत ठंडे स्थान पर जाएं। बेहोशी-चक्कर आने के अधिकतर मामले शरीर के डिहाइड्रेट होने और शरीर का तापमान सामान्य से अधिक हो जाने के कारण होते हैं। ऐसे में इन उपायों से काफी हद तक आराम मिल सकता है।

**बेहोश व्यक्ति को न पिलाएं पानी**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ध्यान रहे बेहोश व्यक्ति कुछ भी निगलने में असमर्थ होता है, ऐसे में उसे





जबरदस्ती कुछ भी खिलाने-पिलाने से बचना चाहिए। बेहोशी की स्थिति में भोजन या तरल पदार्थ पेट के बजाय फेफड़ों तक पहुंच सकते हैं, जिससे श्वसन संबंधी परेशानी बढ़ने का खतरा रहता है।

बेहोश व्यक्ति के हृदय गति और ब्लड प्रेशर की जांच करें, अगर ये बहुत बढ़ा हुआ या कम लग रहा है तो तुरंत उसे डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।

**वायुमार्ग-सांस न होने पाए बाधित**

बेहोश व्यक्ति के वायुमार्ग में कोई समस्या न आए और वो सही तरीके से सांस लेता रहे इसके लिए ठुड्डी को ऊपर उठाकर और सिर को एक तरफ थोड़ा झुका दें। सुनिश्चित करें कि बेहोश व्यक्ति अच्छी तरह से सांस ले रहा हो। यदि उसे सांस लेने में कोई दिक्कत है तो आवश्यकतानुसार सीपीआर दी जा सकती है। सामान्य उपचारों की मदद से भी यदि लक्षणों में कोई आराम नहीं मिल रहा है और व्यक्ति होश में नहीं आ रहा है तो बिना देर किए उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाएं।

**गर्मियों में चक्कर आने-बेहोशी से कैसे बचें**

- डॉक्टर द्वारा दिए गए कुछ सुझावों का पालन करके गर्मियों में चक्कर आने-बेहोशी से बचा जा सकता है।
- पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सुनिश्चित करें। पानी से भरपूर फलों-सब्जियों का भी सेवन जरूर करें।
- अत्यधिक चाय या कॉफी पीने से बचें। इनसे निर्जलीकरण का खतरा हो सकता है।
- ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) लेते रहें। शरीर के तरल पदार्थों को जल्दी से पूरा करने में इससे मदद मिल सकती है।
- गर्मियों में नारियल पानी और नींबू पानी जैसे पेय का सेवन जरूर करते रहें।
- जितना संभव हो सके सूरज के संपर्क में आने से बचें, खासकर दोपहर के दौरान।
- सूती, ढीले-ढाले और हल्के कपड़े पहनें।



## क्या आप जानते हैं?

## 11 मई का इतिहास

- **अमेरिका** के फिलाडेल्फिया में पहली अग्नि बीमा पॉलिसी की शुरुआत 1752 में हुई।
- मैसूर और ब्रिटेन के शासक टीपू सुल्तान के बीच शांति संधि पर हस्ताक्षर 1784 में हुए।
- प्लेटबर्ग की लड़ाई में अमेरिकन्स ने अंग्रेजों को 1814 में हराया।
- इंग्लैंड से क्यूबेक जा रहे जहाज 1833 में लेडी-ऑफ-द-लेक के हिमखंड से टकराकर अटलांटिक सागर में डूबने से 215 लोगों की मौत हुई।
- दिल्ली में 1857 को सिपाही विद्रोह भड़का।
- स्वतंत्रता संग्राम के पहले युद्ध के दौरान भारतीय सिपाहियों ने अंग्रेजों के अधिकारियों से दिल्ली पर 1857 में कब्जा कर लिया।
- रेडियो स्टेशन केजीयू का 1922 में हवाई में प्रसारण शुरू हुआ।
- गॉटलीव डेमलर और कार्ल बेंज के स्वामित्व वाली कंपनियों का विलय कर मर्सिडीज बेंज कंपनी 1924 में बनाई गई।
- राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद ने 1951 में नवनिर्मित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन किया।
- इजरायल ने गाजा पर 1955 में हमला किया।
- पहली गर्भनिरोधक गोली बाजार 1960 में उपलब्ध कराई गई।
- बांग्लादेश में चक्रवाती तूफान से 17 हजार लोगों की मौत 1965 में हुई।
- इंग्लैंड के ब्रैडफोर्ड सिटी फुटबाल मैदान में 1985 में आग लगने से 40 की मौत हुई और 150 घायल हुए।
- फ्रांस ने 1988 में परमाणु परीक्षण किया।
- ब्रिटेन के ब्रैडफ़र्ड सिटी फुटबॉल स्टेडियम में 1985 को एक मैच के दौरान लगी आग में 52 लोग मारे गए।

# ज्यादा कोल्ड ड्रिंक पीना हो सकता है खतरनाक

गर्मियों में लोग जमकर कोल्ड ड्रिंक पीते हैं। मार्केट में हों या घर पर लोग प्यास बुझाने के लिए कोल्ड ड्रिंक्स ही खोजते हैं। बच्चे हों या बड़े सभी को कोल्ड ड्रिंक का स्वाद खूब पसंद आता है। ठंडी ड्रिंक्स पीते ही काफी अच्छा लगता है, लेकिन इसका सेहत पर बुरा असर पड़ता है। अगर आप कोल्ड ड्रिंक लवर हैं तो आपको अलर्ट होने की जरूरत है। ज्यादा कोल्ड ड्रिंक पीने से शरीर में कई परेशानियां हो सकती हैं। इससे कई बीमारियों का खतरा बढ़ता है।



हेल्थलाइन की एक रिपोर्ट की मानें तो कोल्ड ड्रिंक्स में शुगर और कैलोरी के अलावा कोई पोषक तत्व नहीं होते हैं। ज्यादा मात्रा में आर्टिफिशियल शुगर का इस्तेमाल करने से सेहत पर बुरा असर पड़ता है।

**इन अंगों पर पड़ता है बुरा असर**

**लिवर**- ज्यादा कोल्ड ड्रिंक पीने से लिवर पर असर पड़ता है। इससे नॉन-एल्कोहॉलिक फैटी लिवर होने का रिस्क रहता है। ज्यादा मात्रा में कोल्ड ड्रिंक्स लिवर में पहुंचती हैं और फ्रक्टोज को फैट में बदल देती है। ऐसी कंडीशन में लिवर में फैट जमने लगता है।

**दिमाग**- कई रिसर्च में ये पाया गया है कि ज्यादा शुगर और प्रोसेस्ड फूड आपके दिमाग को भी नुकसान पहुंचाते हैं। ये चीजें मस्तिष्क के लिए हार्ट मेडिसिन का काम करती हैं। इनका सेवन करने से लत लग जाती है। जब आप इन चीजों को एडिक्ट होने लगते हैं तो इससे दिमाग पर असर पड़ने लगता है।

**पेट**- ज्यादा मात्रा में कोल्ड ड्रिंक पीने से पेट पर चर्बी जमा होने लगती है। कोल्ड ड्रिंक्स में फ्रक्टोज पाया जाता है, जो पेट के आसपास फैट के रूप जमा होने लगता है। इसे आंत की चर्बी भी कहते हैं। इससे हार्ट और डायबिटीज का खतरा बढ़ता है।



# इंटरनेट पर ट्रेंड हुआ रणवीर सिंह का प्रिंस लुक

अभिनेता रणवीर सिंह जल्द ही पिता बनने वाले हैं, हाल ही में मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड टिफनी एंड कंपनी के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के दौरान सार्वजनिक रूप से उपस्थित हुए। जयेशभाई जोरदार अभिनेता ने अपने अनोखे फैशन सेंस से एक बार फिर अपने प्रशंसकों को खुश कर दिया। सफेद रंग का पहनावा पहनने वाले रणवीर ने हाई हील्स के साथ अपना लुक पूरा किया और एक विशेष टिफ़नी हीरे का हार जिसकी कीमत कथित तौर पर 2 करोड़ रुपये है।

रणवीर के प्रशंसकों ने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि स्टार ने एक बार फिर फैशन का आनंद लेना शुरू कर दिया है। एक प्रशंसक ने लिखा, उन्होंने मेट एंड ऑल में कमाल कर दिया होता, एक अन्य प्रशंसक ने लिखा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे पोशाक बहुत पसंद है। वोग से बात करते हुए, अभिनेता ने अपने सबसे कीमती आभूषणों के बारे में भी बताया, उनसे जुड़ा व्यक्तिगत, भावनात्मक मूल्य मेरे पसंदीदा, सबसे प्रिय आभूषण हैं। जो अंगूठियां मुझे बहुत प्रिय हैं उनमें से एक यह है – यह मेरी शादी की अंगूठी है, जो मेरी पत्नी ने मुझे दी थी। दूसरी प्लैटिनम सगाई की अंगूठी है। और निस्संदेह वहां मेरी मां की हीरे की बालियां और मेरी दादी के मोती हैं।

**अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।**

## एक मिशन एक सेवा

बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दुःख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सके।

**पंजाब केसरी दैनिक समाचार पत्र समूह-** 2000रु

### दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाऊंट नंबर** 3075002102006705 में देय होनी चाहिए। हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

***यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

पता :- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर
वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 01130712376, 09871598497, 9810107375 पर संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**





# अस्थमा पेशेंट्स के लिए बेहद फायदेमंद हैं ये एक्सरसाइजेस

हर साल मई के महीने दुनियाभर में अस्थमा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य अस्थमा बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस बीमारी में सांस लेने में तकलीफ होती है। सांस की नली में सूजन आ जाती है और बहुत ज्यादा कफ बनने लगता है। अस्थमा के मरीजों को स्वस्थ बने रहने के लिए अपने खानपान और डेली रूटीन पर खासतौर से ध्यान देने की सलाह दी जाती है। स्वस्थ रहने के लिए हेल्दी डाइट और एक्सरसाइ ये दो सबसे जरूरी चीजें हैं। कुछ लोगों का मानना है कि अस्थमा पेशेंट्स के लिए एक्सरसाइ करना खतरनाक हो सकता है, लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि कुछ खास तरह की एक्सरसाइज करने से अस्थमा के मरीजों को फायदा पहुंचता है। जानेंगे यहां उनके बारे में।

**स्वीमिंग करना**

अस्थमा पेशेंट्स के लिए तैराकी करना बहुत ही अच्छी एक्सरसाइज है। स्वीमिंग करने से सांस लेने वाली मसल्स मजबूत होती है। साथ ही पूरी बॉडी फिट रहती है।

**टहलना**

अस्थमा से परेशान लोगों को रोजाना सुबह-शाम टहलने के लिए वक्त निकालना चाहिए। इससे अस्थमा में तो फायदा होगा ही, इसकरे साथ ही और भी कई फायदे मिलते हैं।

**खेलना**

अस्थमा के मरीजों के लिए अलग-अलग तरह के स्पोर्ट्स भी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। फिर चाहे वो बैडमिंटन हो या फिर फुटबॉल।

**योग**

अस्थमा मरीजों को अपने डेली रूटीन में योग को जरूर शामिल करना चाहिए। योग में सिर्फ आसन ही नहीं शामिल होते, बल्कि ब्रीदिंग एक्सरसाइज से फेफड़ों की कार्य क्षमता बढ़ती है। शरीर में ब्लड का सर्कुलेशन बढ़ता है, जिससे अस्थमा के साथ-साथ कई और दूसरी समस्याओं में भी फायदा मिलता है।

**एक्सरसाइज करते वक्त बरतें ये सावधानियां**

**नाक से सांस लें**

अस्थमा में आप जिस भी तरह की एक्सरसाइज करें, ध्यान रखें कि आपको नाक से ही सांस लेनी है। मुंह से सांस लेने की गलती परेशानी बढ़ा सकती है।

**मास्क लगाएं**

मास्क आपको सेफ रखने के लिए बहुत ही बड़ा हथियार है, इसलिए एक्सरसाइज के दौरान भी इसे लगाकर रखें।

**प्रदूषण से बचें**

सुबह- सुबह एक्सरसाइज करना फायदेमंद होता है, लेकिन इसकी शुरुआत करने से पहले एक बार पॉल्यूशन का लेवल जरूर चेक कर लें। अगर ये ज्यादा है, तो किसी भी तरह की आउटडोर एक्टिविटी करने से बचें, क्योंकि प्रदूषण भी अस्थमा की स्थिति को गंभीर बना सकता है।

**बीमारी में न करें व्यायाम**

किसी भी एक्सरसाइज को करने का फायदा तभी मिलता है जब आप उसे निरंतर करें, लेकिन अगर किसी वजह से अस्थमा की परेशानी बढ़ गई है, तो ऐसी स्थिति में निरंतरता को भूलकर सेहत पर फोकस करें।

**इनहेलर पास रखें**

अस्थमा के मरीजों को हमेशा ही अपने पास इनहेलर रखना चाहिए व्यायाम के दौरान भी। किसी भी तरह की परेशानी होने पर इनहेलर ही आपका लाइफ सेवर है।

## केसरी सूडोकू- 2901

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 9 | | | | 3 | |
| 5 | | | | | 3 | | | |
| | | | | | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 3 | 6 | | 7 | | | 1 | | |
| | | | | | | | | |
| | | 9 | | | 1 | | 8 | 3 |
| 9 | 5 | 4 | 6 | | | | | |
| | | | 2 | | | | | 7 |
| | 2 | | | | 4 | | 6 | |

**हल करने का तरीका**

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
- आड़ी व खड़ी पंक्ति में और 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

**सूडोकू 2900 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 2 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 5 | 9 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 7 |
| 2 | 5 | 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 6 | 3 | 1 | 2 | 9 | 5 |
| 3 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 | 8 |

# इन उपायों से भी पा सकते हैं जोड़ों के दर्द में आराम



जोड़ों में दर्द की समस्या किसी भी उम्र में हो सकती है। गठिया, हड्डियों में दर्द, सूजन और कुछ प्रकार की अन्य स्थितियों के कारण आपको जोड़ों में दर्द की दिक्कत हो सकती है। डॉक्टर कहते हैं, जोड़ों में दर्द के लिए ऑस्टियोपोरोसिस-ऑस्टियोआर्थराइटिस नामक बीमारी को प्रमुख कारण माना जाता है, समय के साथ इसका खतरा युवाओं में भी बढ़ता जा रहा है।

ऑस्टियोआर्थराइटिस तब होता है जब आपके जोड़ में आर्टिकुलर कार्टिलेज टूट जाते हैं। इन स्थितियों में जोड़ों की हड्डियां आपस में रगड़ती हैं और इस घर्षण के कारण तेज दर्द का अनुभव हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी भी जोड़ों में दर्द को बढ़ाने वाली हो सकती है। अगर आपको भी अक्सर ये दिक्कत रहती है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ से मिलकर दर्द के कारणों का सही निदान जरूर करा लें। आइए जानते हैं कि किन घरेलू उपायों की मदद से जोड़ों के दर्द से आराम पाया जा सकता है?

**नियमित व्यायाम और स्ट्रेचिंग का करते रहें अभ्यास**

जोड़ों में दर्द के शुरुआती चरणों में नियमित व्यायाम और स्ट्रेचिंग की मदद से गठिया के सूजन को कम करने और जोड़ों के दर्द से राहत पाने में मदद मिल सकती है। स्ट्रेचिंग करने से मांसपेशियों पर पड़ने वाला अतिरिक्त दबाव कम होता है और रक्त का संचार ठीक बना रहता है। मांसपेशियों में रक्त का संचार ठीक रहने से दर्द से आराम पाया जा सकता है।

**हीट-कोल्ड थेरेपी**

प्रभावित जोड़ों पर हीट-कोल्ड थेरेपी करने से भी दर्द और सूजन से अस्थायी राहत मिल सकती है। हीट थेरेपी जैसे गर्म पानी से स्नान या हीटिंग पैड से रक्त परिसंचरण में सुधार होता है और मांसपेशियों की कठोरता कम होती है।



जबकि कोल्ड थेरेपी जैसे आइस पैक से सूजन और जोड़ों में होने वाले दर्द को कम किया जा सकता है। कोल्ड थेरेपी की मदद से दर्द वाले रिसेप्टर्स सुन्न हो जाते हैं। दर्द से आराम पाने के लिए ये उपाय भी काफी प्रभावी हो सकते हैं।

### वजन को बढ़ने से रोकना जरूरी

अतिरिक्त वजन, घुटने और कूल्हे जैसे जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है, जिससे दर्द और सूजन बढ़ने लगती है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को कंट्रोल बनाए रखने में मदद मिल सकती है। जोड़ों पर पड़ने वाले तनाव और असुविधा को कम करने के लिए शरीर का वजन कम रखना जरूरी है। लाइफस्टाइल और आहार में सुधार करके जोड़ों की समस्याओं में काफी हद तक सुधार करने में मदद मिल सकती है।



### जोड़ों में दर्द की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं गठिया के कारणों और जोड़ों में दर्द के लक्षणों के आधार पर सभी लोगों के लिए इसके उपचार के तरीके भी अलग-अलग हो सकते हैं। आर्थराइटिस मुख्यरूप से दो प्रकार के होते हैं- इंफ्लामेटरी और नॉन-इंफ्लामेटरी। नॉन-इंफ्लामेटरी आर्थराइटिस में बिना दवाओं के भी कुछ उपायों की मदद से लक्षणों में आराम पाया जा सकता है। यदि आपको भी अक्सर जोड़ों में दर्द रहता है तो इन उपायों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

# अगर आपका बच्चा लगातार छींकता है तो इस तरह रखें उनका ख्याल

आपका बच्चा अगर लगातार छींकता है तो आपको पता चल जाता है कि उसे जुकाम हो गया है। उसे सचमुच ऐसा हुआ है या नहीं, इसका आपको पता नहीं चलता। क्योंकि हर बच्चे की बीमारी के लक्षण अलग-अलग होते हैं। मुद्दा यह है कि बीमारी उसे या तो अपना शिकार बना लेती है या आप उसे बीमार होने से बचा लेते हैं। दरअसल यह उसके पोषण के स्तर पर भी निर्भर करता है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं :** प्रोटीन रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। यह बच्चे की कोशिकाओं के पुनर्निमाण में भी सहायक होती है। इसलिए उसके लिए सही प्रोटीन का चयन करना जरूरी है। अंडे के सफेद भाग में या सफेद मीट के अलावा फिश, दाल और मोटे अनाज में मौजूद प्रोटीन का उसे फायदा मिल सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में विटामिन-सी की भी भूमिका कम नहीं है। यह आंवला, कीवी और मल्टी विटामिन में होता है लेकिन जो भी खाएं डॉक्टर के निर्देशानुसार खाएं।



बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में विटामिन बी12 की भूमिका की भी अनदेखी नहीं की जा सकती। बच्चे के बीमार होने पर यह उसे जल्दी रिकवरी देता है। शाकाहारियों के लिए तो यह विटामिन एक वरदान है। यह मूल रूप से एनीमल प्रोडक्ट्स जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स और अंडों में पाया जाता है। बच्चों को शिशु रोग विशेषज्ञ के निर्देशानुसार विटामिन-बी12 के सप्लीमेंट्स भी दिये जा सकते हैं।

**बदलता मूड :** कहीं ऐसा तो नहीं कि आपके बच्चे के मूड में बार-बार बदलाव होता है। हो सकता है वह दादा-दादी के प्यार की वजह से बिगड़ा हो और मूड स्विंग उसके व्यक्तित्व का हिस्सा न हो लेकिन इसकी जड़ें उसके ग्लूटेन इंटोलरेंस में भी हो सकती हैं। अब सवाल है इसका पता कैसे लगाया जाए? इसके लिए उसके भोजन से ग्लूटेन को बाहर करें और उसके बाद भी अगर उसके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं होता तो समझें कि ऐसा नहीं है। अब इसका मतलब यह भी नहीं है कि इन चीजों के द्वारा उसके मानसिक स्वास्थ्य को जाना जा सकता है लेकिन इलाज से परहेज बेहतर है। छुट्टियों में या परीक्षा के दिनों में उसे स्मार्ट इटिंग द्वारा पोषण दिया जा सकता है। अब अगर सब्जियों और फलों का पोषण उसकी प्लेट में यूं ही सजाया जा सकता है तो सप्लीमेंट्स पिल्स लेने की क्या जरूरत है? कुल मिलाकर अपने बच्चे को प्राकृतिक तरीके से भी आप स्वस्थ रख सकते है।

# त्वचा की चमक व स्वस्थ स्किन के लिए बनाएं केले का फैस मास्क

विटामिन सी, ए, पोटेशियम, कैल्शियम, फास्फोरस व कार्बोहाइड्रेस से भरपूर केला खाने के साथ लगाने से त्वचा की सेहत और चमक को बनाए रखता है। आइए जानें कैसे केला लगाएं और त्वचा को चमकदार बनाएं। केले को मैश कर वैसे तो हर प्रकार की त्वचा पर लगा सकते हैं और सभी प्रकार की त्वचा को लाभ पहुंचता है पर झुर्रियां, दाग धब्बों पर त्वचा पर विशेष लाभ पहुंचता है। केले के प्रयोग से त्वचा दाग रहित साफ्ट, निखरी और ग्लोइंग बनती है। केले के प्रयोग से खून का दौरा भी ठीक बना रहता है।

**सामान्य त्वचा हो तो**

सामान्य त्वचा वालों को पहले दूध में भीगी रूई से हल्का-हल्का रगड़ते हुए त्वचा को साफ करना चाहिए। उसके बाद गीली रूई से त्वचा को साफ करें।

आधे पके केले में आधा चम्मच चीनी डालकर अच्छे से मैश करें और उंगलियों की सहायता से पेस्ट को 2 मिनट तक गोल-गोल घुमाते हुए मालिश करें।



ऐसा करने से डेड स्किन और ब्लैक हैड्स निकल जाएंगे।

जब स्क्रबिंग कर लें तो 3 मिनट पश्चात रूमाल को गुनगुने पानी में भिगोकर चेहरे की त्वचा पर हल्का-हल्का 5 से 10 बार थपथपाएं।

कोको बटर वाली क्रीम हो या कोई अच्छी क्रीम से 15-20 मिनट तक गोलाई में मसाज करें।

अब आधा केला मैश कर एक चम्मच शहद और दो चम्मच गुलाब जल मिलाकर पतला पेस्ट तैयार करें। चेहरे पर उसकी पतली लेयर को लगाएं। 15 - 20 मिनट बाद चेहरा साफ पानी से धोकर माश्चराइजर लगाएं। बनाना फेशियल आपकी त्वचा को ताजगी से भर देगा।

**खुश्क त्वचा हो तो**

एक चम्मच ताजे दूध की मलाई में आधा केला मैश कर चेहरे पर लगाएं। 5 मिनट तक लगा रहने दें फिर हल्के हाथों से मसाज करें। नाक पर हल्का दबाव डालें ताकि ब्लैक हैड्स और वाइट हैड्स निकल लाएं। चेहरे को धोकर माश्चराइजर लगाएं।

**झुर्रियों वाली त्वचा हो तो**

दो पके केलों को मसल कर उसमें दो चम्मच शहद मिलाकर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। चाहें तो कुछ बूंदें आलिव आयल की भी डाल दें। अब इस मिश्रण को चेहरे व गर्दन पर 15 मिनट तक लगा कर रखें। बाद में टिश्यू पेपर से पोंछ लें और ताजे पानी से चेहरा, गर्दन साफ कर लें। ऐसा करने से झुर्रियां कम होगी और झुर्रियां पड़ने की प्रक्रिया भी मंद पड़ जाएगी। केला और सेब क्रश कर मैश कर लगा सकते हैं। यह ड्राई स्किन के लिए बेहतर ऑप्शन है। नार्मल त्वचा पर खीरा, तरबूज और पपीता बेहतर है। जिन्हें पसीना अधिक आता हो, टमाटर और आडू का पेस्ट लगाएं। आयली स्किन के लिए नींबू और सेब का पेस्ट बनाएं। इस प्रकार घर पर फेशियल कर आप अपनी चमक, रंगत बरकरार रख सकते हैं और युवा भी बने रह सकते हैं।



# स्क्रीन टाइम बन रहा है साइलेंट किलर, बढ़ रहा है हार्ट की बीमारियों का खतरा

तकनीक के विकास के साथ-साथ हमारे जीवन में काफी बदलाव आए हैं। अब हमारा ज्यादातर काम स्मार्टफोन या लैपटॉप पर होता है। इसलिए हमारा स्क्रीन टाइम काफी बढ़ चुका है। लंबे समय तक स्क्रीन पर लगे रहने से हमारा मानसिक और शारीरिक दोनों ही स्वास्थ्य प्राभावित होता है।

ज्यादा स्क्रीन टाइम की वजह से एक तरफ, जहां मानसिक स्वास्थ्य के साथ स्ट्रेस और एंजाइटी जैसी समस्याएं पैदा होने लगती हैं, वहीं दूसरी तरफ शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियां, डायबिटीज और सबसे अधिक आंखों की रोशनी में कमी आने लगती है।

यहां तक कि सामाजिक संबंधों में कमी, क्रिएटिविटी में कमी और सेल्फ कॉन्फिडेंस में भी कमी आने जैसी समस्याएं भी ज्यादा स्क्रीन टाइम का नतीजा हो सकते हैं। ऐसे में स्वस्थ रहने के लिए स्क्रीन टाइम कम करना ही सबसे बेहतर विकल्प है। आइए जानते हैं-

**दिल को कमजोर बना रहा है स्क्रीन टाइम**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक एक नॉर्मल और हेल्दी हार्ट में इलेक्ट्रिक सिग्नल धड़कनों को कंट्रोल करते हैं लेकिन जब ये इलेक्ट्रिक संकेत बिगड़ जाते हैं तब दिल का ऊपरी हिस्सा सिकुड़ने के बजाय कांपने लगता है। इससे धड़कनों की रफ्तार बिगड़ जाती है।

**युवाओं के हार्ट में बढ़ रही है ब्लॉकेज**

इतना ही नहीं हार्ट की आर्टरीज ब्लॉकेज मिल रही है। जबकि पांच साल पहले तक ये ब्लॉकेज 1 से 2 सेंटीमीटर की होती थी। घबराने वाली बात ये है कि दिल के मरीजों में ब्लॉकेज की परेशानी दिख रही है। हार्ट में बढ़ती ब्लॉकेज चिंताजनक है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है।

**इसलिए होते जा रहे हैं कमजोर**

**टारगेट का प्रेशर**

कंप्यूटर और लैपटॉप पर घंटों काम करना

पैकेट बंद मार्केट का खाना

फिजिकल एक्टिविटी कम होना

कैसे करें बचाव?

बीपी के मरीज नियमित रूप से दवा खाएं

रोजाना 30 मिनट का कोई भी व्यायाम करें

तला भुना ज्यादा न खाएं

पिज्जा बर्गर और जंक फूड से दूर रहें

काम का प्रेशर कम रखें

तनाव कम से कम लें



# मड थेरेपी से होते हैं कमाल के फायदे

ऐसा कहा जाता है कि हमारा शरीर मिट्टी से बना है और मिट्टी में ही मिल जाना है। इसीलिए मिट्टी से शरीर को कई तरह के लाभ होते हैं। आयुर्वेद में कहा गया है कि कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं मिट्टी के स्नान से दूर हो सकती हैं। मिट्टी के स्नान को मड बाथ कहा जाता है। मड बाथ से कई स्किन संबंधी समस्याओं को दूर करने के साथ-साथ जोड़ों के दर्द से निजात दिलाने में भी फायदा मिलता है। तो चलिए जानते हैं मड बाथ या मड थेरेपी से शरीर को होने वाले कमाल के फायदों के बारे में-

**मड बाथ के फायदे**

-दिल संबंधी समस्याओं को दूर करने में फायदेमंद

-स्किन को निखारकर कई -समस्याओं को करें दूर।

-अर्थराइटिस की बीमारी को दूर करने में कारगर

-कब्ज की समस्या से दिलाए निजात मड बाथ

-शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी फायदेमंद मड बाथ

-मड बाथ थेरेपी से पिंपल को दूर कर त्वचा को बनाएं चमकदार

-आंतों की गर्मी को शांत करने में कारगर होता है मड बाथ

**कैसी होनी चाहिए मिट्टी**

मिट्टी का इस्तेमाल किया जाना चाहिए, जिसमें कोई केमिकल न हो। इसके लिए किसी पुराने पेड़ के नीचे की मिट्टी इस्तेमाल की जा सकती है।

**मड बाथ लेने का तरीका**

मड बाथ के लिए सबसे पहले पूरे शरीर पर मिट्टी लेप अच्छे से लगा लें। असससे शरीर की पूरी स्किन हाइड्रेट होती है। इसके साथ ही अगर आपके शरीर के किसी हिस्से में दर्द है, तो मिट्टी में दर्द निवारक तेल डाल लें, इससे दर्द भी जल्द दूर हो जाएगा। इस लेप को आधा घंटे तक लगाकर रखे, इसके बाद साफ पानी से नही लें। बहुत फायदा मिलेगा।

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom
पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window


# पन्नू मामले में भारत की जवाबदेही से संतुष्ट

## भारत में अमेरिकी राजदूत गार्सेटी का बड़ा बयान

● किसी भी रिश्ते में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं

**वाशिंगटन, (भाषा):** अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि अमेरिकी जमीन पर एक अलगाववादी सिख नेता की हत्या की कथित साजिश में भारतीय अधिकारियों के शामिल होने के आरोपों पर हमारी भारत से जवाबदेही की जो अपेक्षा थी और भारत ने इस सिलसिले में जो प्रतिक्रिया दी है, उससे राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन संतुष्ट है।

अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का पिछले साल नवंबर में आरोप लगाया था। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने शीर्ष अमेरिकी थिंक-टैंक 'काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस' (सीएफआर) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, 'किसी भी रिश्ते में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं और इस मामले में यह संबंधों में पहली बड़ी लड़ाई हो सकती थी और शुक्र है कि हमने जो जवाबदेही मांगी थी प्रशासन अब तक उससे संतुष्ट है, क्योंकि अमेरिका, हमारे नागरिकों के लिए यह अस्वीकार्य है।' उन्होंने कहा, 'यह एक आपराधिक मामला है जिसमें अभियोग चलाया गया है। यदि इसमें सरकारी तत्व शामिल हैं, तो जवाबदेही होनी चाहिए। हम न केवल अपने आप से, बल्कि भारत से भी इस जवाबदेही की उम्मीद करते हैं।'




### भारत में लोकतंत्र को लेकर संदेह नहीं

गार्सेटी ने कुछ तबकों द्वारा भारत में लोकतंत्र के बारे में व्यक्त की गई चिंताओं को खारिज कर दिया है। उन्होंने इस बात को लेकर 'सौ फीसद' विश्वास जताया है कि वाशिंगटन, नयी दिल्ली के साथ अपने संबंधों पर भरोसा कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध 21वीं सदी के निर्णायक संबंधों में से होगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के मामले में भारत अगले दस वर्षों में एक जीवंत लोकतंत्र बनने जा रहा है, जो कि वह आज भी है।'

गार्सेटी ने कहा, 'भारत ने एक जांच आयोग बनाया है।' उन्होंने कहा कि भारत ने अभी तक जो कदम उठाए हैं, उससे वह संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्रशासन संतुष्ट है, लेकिन हमें अब भी कई कदम उठाने हैं।'

# तमन्ना ने अपनी खराब आदतों का खुलासा किया



**मुंबई, (आईएएनएस):** एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने एक मीम के जरिए अपनी खराब आदतों के बारे में बताया। तमन्ना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक मीम शेयर किया, जिसमें कहा गया, मेरी खराब आदत है कि मैं सभी को कहती हूं कि मैं हमेशा किसी भी चीज के लिए तैयार हूं, लेकिन असल में मैं रात 8 बजे के बाद कहीं जाना या कुछ करना पसंद नहीं करती। अगर मैं किसी से मिल रही हूं तो खाना होना चाहिए और पार्किंग की सुविधा होनी चाहिए, लेकिन यह सब मेरे मूड और थकान पर निर्भर करता है। एक्ट्रेस ने इस स्टोरी में एक स्टिकर भी ऐड किया, जिसमें एक लड़की सहमति में सिर हिला रही है।

आईपीएल का धूमधड़ाका

# गुजरात ने तोड़ी चेन्नई की उम्मीदें

## गुजरात के कप्तान शुभमन गिल के बाद साई सुदर्शन ने भी जमाया शतक

**अहमदाबाद,** (पंजाब केसरी): गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 59वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रन से हरा दिया। चेन्नई ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बनाए। जवाब में चेन्नई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन ही बना सकी। एमएस धोनी ने आखिरी ओवर डाल रहे राशिद खान की बॉल पर दो छक्के जमाए। राशिद के इस ओवर से 16 रन आए। एमएस धोनी 26 और शार्दूल ठाकुर 19 रन पर नाबाद रहे। राशिद की आखिरी बॉल पर धोनी के चौके के बाद भी गुजरात ने मैच 35 रनों से जीता। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल (104 रन) ने आईपीएल इतिहास का 100वां शतक जमाया। गिल के बाद साई सुदर्शन (103 रन) ने भी करियर की पहली सेंचुरी पूरी की। दोनों ने 210 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। चेन्नई से तुषार देशपांडे ने 2 विकेट लिए। चेन्नई से डेरिल मिचेल ने 63 रन, मोईन अली ने 56 रन, एमएस धोनी ने 26 और शिवम दुबे 21 रन बनाए। मोहित शर्मा ने 3 और राशिद खान ने 2 विकेट लिए। कप्तान शुभमन गिल ने 55 गेंद की पारी में नौ चौके और छह छक्के लगाये।



### स्कोर बोर्ड

**गुजरात टाइटंस पारी:**
सुदर्शन का दुबे बो देशपांडे 103
गिल का जडेजा बो देशपांडे 104
डेविड मिलर नाबाद 16
शाहरुख खान रन आउट 02
**अतिरिक्त:** 06
**कुल :** 20 ओवर में 3/231
**विकेट पतन:** 1/210, 2/213, 3/231
**गेंदबाजी:** सेंटनर 2-0-31-0, देशपांडे 4-0-33-2, शारदुल 4-0-25-0, सिमरजीत 4-0-60-0, जडेजा 2-0-29-0, मिचेल 4-0-52-0

**सीएसके पारी:**
रहाणे का तेवतिया बो वॉरियर 01
रचिन रविंद्र रन आउट 01
रुतुराज का राशिद बो उमेश 00
मिचेल का शाहरुख बो मोहित 63
मोईन अली का नूर बो मोहित 56
शिवम दुबेका नूर बो मोहित 21
जडेजा का मिलर बो राशिद 18
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद 26
मिचेल सेंटनर बो राशिद 00
शारदुल ठाकुर नाबाद 03
**अतिरिक्त:** 07
**कुल :** 20 ओवर में 8/196
**विकेट पतन:** 1/2, 2/2, 3/10, 4/119, 5/135, 6/165, 7/169, 8/169
**गेंदबाजी:** उमेश 3-0-20-1, वॉरियर 3-0-28-1, त्यागी 4-0-51-0, नूर 2-0-25-0, राशिद 4-0-38-2, मोहित 4-0-31-3

# विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिए : सौरव गांगुली



**बेंगलुरु,** (पंजाब केसरी) : पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को विराट कोहली की मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनसे पारी का आगाज करना चाहिए। इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली 'ओरेंज कैप' पहने हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है। गांगुली ने कहा कि विराट बहुत ही शानदार खेल रहा है। बीती रात कोहली ने जो पारी खेली जिसमें उसने तेजी से 90 रन बना दिये, उसे देखते हुए आपको उसे टी20 विश्व कप में बतौर सलामी बल्लेबाज इस्तेमाल करना चाहिए। उसकी पिछली कुछ आईपीएल पारियां देखें तो ये अद्भुत रही हैं इसलिये उसे पारी का आगाज करना चाहिए।

TATA IPL 2024

### प्वाइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान रॉयल्स | 11 | 8 | 3 | 16 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 6 | 6 | 12 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ सुपरजायंट्स | 12 | 6 | 6 | 12 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 5 | 7 | 10 |
| गुजरात टाइटंस | 12 | 5 | 7 | 10 |
| मुंबई इंडियंस | 12 | 4 | 8 | 8 |
| पंजाब किंग्स | 12 | 4 | 8 | 8 |

# पाकिस्तान ने पीओके में कर्फ्यू लगाया



● बढ़ती महंगाई, बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों की पुलिस से झड़प

**पीओके,** (एजेंसी): पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के दादयाल में बढ़ती महंगाई और बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। मीरपुर जिले में हुई इस झड़प में कई लोग घायल हो गए, जिसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने कर्फ्यू लगा दिया है। मुजफ्फराबाद में एफसी और रेंजर सैनिकों की तैनाती को लेकर दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने आक्रोश व्यक्त किया और पुलिस को खदेड़ दिया. रिपोर्ट्स के मुताबिक, मीरपुर में स्कूली छात्रों पर भी आंसू गैस के गोले दागे गए। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने इस बर्बरता की निंदा करते हुए पाकिस्तानी संघीय अधिकारियों द्वारा की जा रही "राज्य प्रायोजित हिंसा" को धारा 144 लागू करने की एक चाल और 11 मई को मुजफ्फराबाद में विधानसभा के बाहर होने वाले विरोध प्रदर्शन को कुचलने की तैयारी बताया है। पीओके की सबसे बड़ी पार्टी यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने प्रदर्शन में हुई गिरफ्तारी पर सवाल उठाया है। पार्टी ने कहा कि पुलिस और सेना ने मिलकर गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों पर लाठियां भांजी हैं। यूकेपीएनपी के लीडर शौकत अली कश्मीरी और नासिर अजीज खान ने गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों की तत्काल रिहाई की मांग की। उसने संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार संस्था से बिना देर करें हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# ईरान ने जब्त किए जहाज से रिहा किए 5 भारतीय



**तेहरान/नई दिल्ली,** (एजेंसी) : ईरान ने 13 अप्रैल को जब्त किए मालवाहक जहाज एमएससी एरीज पर सवार पांच भारतीयों को बृहस्पतिवार को रिहा कर दिया है। ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने बताया है कि ये सभी लोग भारत के लिए रवाना हो गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, एमएससी एरीज पर सवार पांच भारतीय नाविकों को आज शाम रिहा कर दिया गया और वे ईरान से रवाना हो गए हैं। हम बंदर-अब्बास में दूतावास और भारतीय वाणिज्य दूतावास के साथ घनिष्ठ समन्वय के लिए ईरानी अधिकारियों की सराहना करते हैं। एमएससी एरीज इजराइल से संबंधित जहाज है। रिपोर्टों के मुताबिक, इस जहाज का मालिक एक इजराइली कारोबारी ह।. इस जहाज को ईरान ने 13 अप्रैल को जब्त कर लिया था। उस समय इस पर 17 भारतीय नाविक सवार थे। इससे पहले 18 अप्रैल को एक भारतीय महिला नाविक को रिहा किया गया था। एन टेना जोसेफ केरल की रहने वाली हैं। जोसेफ की रिहाई के बाद भारत सरकार ने कहा था कि वह जहाज पर बाकी बचे चालक दल के सदस्यों से संपर्क में हैं।

# गुकेश ने कार्लसन से खेला ड्रा



**वारसॉ,** (भाषा) : विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी करते हुए शुक्रवार को यहां सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से ड्रा खेलने से पहले हमवतन आर प्रज्ञानानंदा और जर्मनी के विन्सेंट केमर को शिकस्त दी। प्रज्ञानानंदा ने पांचवें दौर में होलैंड के अनीष गिरी को पराजित किया और फिर छठे दौर में केमर पर जीत हासिल की। नार्वे के कार्लसन ने आठ अंक लेकर चीन के वेई यि के साथ संयुक्त बढ़त बनायी हुई है जबकि प्रज्ञानानंदा और शेवचेंको सात सात अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव, गुकेश और अर्जुन एरिगेसी छह-छह अंक लेकर संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। ये सभी स्थानीय स्टार डुडा जान क्रिस्तोफ से पूरे एक अंक आगे हैं।

# केकेआर की नजरें प्लेआफ पर



● प्रतिष्ठा के लिये खेलेगी मुंबई

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी) : शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा। दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिये एक और जीत की जरूरत है। शाहरूख खान की टीम अपने गढ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी। सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरूआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है। दोनों ने टीम को पावरप्ले में शानदार शुरूआत देते हुए आठ मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 के पार पहुंचाया है। नारायण अब तक 32 छक्के लगा चुके हैं और अभिषेक शर्मा (35) के बाद दूसरे स्थान पर है । अब तक एक शतक और तीन अर्धशतक लगा चुके नारायण ने 183 . 66 की स्ट्राइक रेट से 461 रन बना लिये हैं। वहीं इंग्लैंड के साल्ट ने 183.33 की स्ट्राइक रेट से 429 रन बनाये हैं । इन दोनों के शानदार फॉर्म के कारण आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे फिनिशरों को ज्यादा मौके नहीं मिले। इन दोनों की बल्लेबाजी ने गेंदबाजों खासकर मिचेल स्टार्क के खराब फॉर्म की भी भरपाई कर दी है। तीसरे नंबर पर युवा अंगकृष रघुवंशी ने अपनी उपयोगिता साबित की है। वहीं पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम रही । पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली मुंबई अब प्रतिष्ठा के लिये खेल रही है।

# मिखाइल मिशुस्तिन फिर बने रूस के प्रधानमंत्री



**मॉस्को, (एपी) :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल मिशुस्तिन को पुन: देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उनके नाम को मंजूरी के लिए संसद के निचले सदन के पास भेजा है। रूसी कानून के अनुरूप 58 वर्षीय मिशुस्तिन ने मंगलवार को उस वक्त अपने मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौंपा, जब पुतिन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया था। मिशुस्तिन पिछले चार वर्ष से प्रधानमंत्री पद पर थे। हालांकि राजनीतिक जानकारों को मिशुस्तिन के पुन: नियुक्त किए जाने की उम्मीद थी। उनका मानना है कि पुतिन को उनका कौशल और सुर्खियों से दूरी पसंद है। रूस की कर सेवा के पूर्व प्रमुख मिशुस्तिन अपने पिछले कार्यकाल के दौरान राजनीतिक बयानबाजियों से दूर थे।

# पोप फ्रांसिस ने इतालवी जोड़ो से कहा-ज्यादा बच्चे पैदा करो



**रोम,** (एपी): पोप फ्रांसिस ने इटली के लोगों से ज्यादा बच्चों को जन्म देने का आग्रह किया और आगाह किया कि देश का जनसांख्यिकीय संकट भविष्य के लिए खतरा है। पोप ने परिवारों की मदद के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाने की भी मांग की।

उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'जन्म की संख्या लोगों की उम्मीदों को दर्शाती है। बच्चों और युवाओं के बिना एक देश की भविष्य के प्रति कोई आकांक्षा नहीं रह जाती।' इटली में जन्म दर पहले ही काफी कम है और यह 15 वर्षों से लगातार गिर रही है। यह पिछले साल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। देश में पिछले वर्ष 3,79,000 शिशुओं का जन्म हुआ था। वैटिकन के मजबूत समर्थन से इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने 2033 तक सालाना कम से कम 5,00,000 शिशुओं के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान शुरू किया है।

# मुनरो ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**क्राइस्टचर्च,** (भाषा) : न्यूजीलैंड के शीर्षक्रम के बल्लेबाज कोलिन मुनरो ने आगामी टी20 विश्व कप के लिये टीम में जगह नहीं मिलने के बाद शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। मुनरो ने न्यूजीलैंड के लिये एक टेस्ट, 57 वनडे और 65 टी20 मैच खेलकर 3010 रन बनाये हैं । टी20 क्रिकेट में उनका स्ट्राइक रेट 156.44 रहा। वह उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने सभी टी20 स्पर्धाओं में मिलकर 10000 से अधिक रन बनाये हैं। उन्होंने 428 टी20 मैचों में 10961 रन बनाये हैं जिनमें उनका स्ट्राइक रेट 141.25 रहा।

# गाजा युद्धविराम समझौते पर बातचीत विफल

## प्रतिनिधिमंडल मिस्र से हुए रवाना



**काहिरा,** (आईएएनएस): गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए बातचीत में गतिरोध पैदा होने के बाद हमास, इजराइल, कतर और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल मिस्र से रवाना हो गए।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संघर्षग्रस्त गाजा में युद्धविराम के लिए प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को काहिरा पहुंचा था। बातचीत में कुछ प्रगति के बावजूद अभी तक कोई समझौता नहीं हो पाया है। विरोधी पक्षों के बीच प्रमुख विवादों में अदला-बदली समझौते के तहत रिहा किए जाने वाले इजरायली बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की संख्या एवं लिस्ट के साथ-साथ एन्क्लेव में फिलिस्तीनियों की मुक्त आवाजाही की अनुमति देने के लिए गाजा से इजरायल की आंशिक वापसी से संबंधित मुद्दे भी शामिल हैं। वार्ता तब रुक गई जब इजरायली सेना ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा में एक अभियान शुरू किया और प्रमुख राफा क्रॉसिंग के फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण कर लिया। यहां लगभग दस लाख से ज्यादा विस्थापित फिलिस्तीनी रह रहे हैं। एक इजराइली सूत्र ने गुरुवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजराइली सेना राफा में अपना ऑपरेशन 'योजना के अनुसार' जारी रखेगी क्योंकि संघर्ष विराम वार्ता विफल हो गई है। काहिरा, दोहा और वाशिंगटन पिछले नवंबर में समाप्त हुए पहले युद्धविराम के बाद, इजरायल और हमास के बीच कैदियों की अदला-बदली और दूसरे युद्धविराम के लिए समझौता करना चाह रहे हैं।

# ईशान किशन, अय्यर को अनुबंध से अगरकर ने बाहर रखा : जय शाह

**मुंबई,** (पंजाब केसरी) : बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर का था। बीसीसीआई से निर्देश मिलने के बावजूद घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने पर ईशान और अय्यर को अनुबंध से बाहर रखा गया। ईशान पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद लंबे ब्रेक पर चले गए और आईपीएल में ही लौटे। वहीं अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल और फाइनल समेत मुंबई के लिये कुछ मैच खेले। मुंबई टीम जब रणजी खेल रही थी तब अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुंबई शिविर में भाग ले रहे थे। शाह ने कहा कि आप संविधान देख सकते हैं। मैं चयन समिति की बैठक बस बुलाता हूं। उन्होंने कहा कि वह फैसला अजित अगरकर का था। जब इन दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेला तो उन्हें बाहर रखने का फैसला अगरकर का ही था। मेरा काम बस उस पर अमल करने का है। हमें संजू सैमसन जैसा अच्छा खिलाड़ी मिल गया। कोई भी अपरिहार्य नहीं है।



### द्रविड़ को फिर आवेदन करना होगा

**बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को अगर टी20 विश्व कप के बाद भी पद पर बने रहना है तो उन्हें फिर से आवेदन करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि नये कोच की नियुक्ति तीन साल के लिये होगी । द्रविड़ का करार शुरू में दो साल का था लेकिन उन्हें और सहयोगी स्टाफ को नवंबर में 50 ओवरों के विश्व कप के बाद कार्यकाल में विस्तार दिया गया।**

### इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम पर पुनर्विचार संभव

**बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे। शाह ने कहा कि इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था। वैसे इससे दो भारतीय खिलाड़ियों को खेलने का अतिरिक्त मौका मिल रहा है । क्या यह महत्वपूर्ण नहीं है । खेल भी और प्रतिस्पर्धी हो रहा है।**